Weather Report
अधिकतम तापमानः 32.0c
न्यूनतम तापमानः 21.0c
हवा गतिः 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबहः 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्षः 11 अंकः 80 जयपुर, मंगलवार, 27 अगस्त 2024 पृष्ठः8 मूल्यः ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

देश का मानसून ट्रैकरः अहमदाबाद में 12 घंटे में 6 इंच बारिश

## बाढ़ जैसे हालात, एमपी-राजस्थान में भारी बारिश का अलर्ट

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। देश के ज्यादातर राज्यों में बारिश का दौर जारी है। गुजरात के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। सोमवार को तेज बारिश का सबसे ज्यादा असर अहमदाबाद में दिखाई दिया। शहर में 12 घंटे में 6 इंच बारिश हुई। कई इलाकों में 7 फीट तक पानी भर गया। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग लापता हैं। सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं, गांधीनगर, अहमदाबाद, वडोदरा, वलसाड समेत 23 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मध्य प्रदेश के नीमच, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम समेत 8 जिलों में अगले 24 घंटे के अंदर बाढ़ खतरा है। राजस्थान में आज 5 जिलों में अति भारी बारिश और 5 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के कहलगांव में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। मुंगेर में वॉर्निंग लेवल से ऊपर ही बह रही है। मुंगेर में बाढ़ के कारण जिले के 38 स्कूल पानी में डूब चुके हैं। इसके कारण बच्चों को पढ़ने में परेशानी हो रही है। त्रिपुरा में बाढ़ के बीच गोमती जिले में एमआई-17 हेलिकॉप्टर की मदद से राहत सामग्री पहुंचाई गई। गुजरात के नर्मदा में स्थित सरदार सरोवर बांध का पानी ओवरफ्लो होने के कारण बांध के 15 दरवाजे खोले गए हैं।



### महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज का 35 फीट ऊंचा स्टैच्यू गिरा

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज का 35 फीट ऊंचा स्टैच्यू गिर गया। पीएम मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 4 दिसंबर 2023 को इसका उद्घाटन किया गया। आशंका है कि बीते दो-तीन दिनों में हुई भारी बारिश के चलते यह स्टैच्यू गिरा है। हालांकि अफसरों ने जांच की बात कही है। पीएम मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 4 दिसंबर 2023 को सिंधुदुर्ग के मालवन में राजकोट फोर्ट में शिवाजी महाराज के स्टैच्यू का अनावरण किया था। गुजरात के मोरबी में तेज बारिश के कारण धावना गांव में एक रपटे पर पानी आ गया। सोमवार सुबह यहां से गुजर रही टैक्टर-ट्रॉली नदी में जा गिरी। इसमें 17 लोग सवार थे। सभी बह गए। एनडीआरएफ ने 10 लोगों को बचाया। 7 को बचाने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। गुजरात के मोरबी में तेज बारिश के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली नदी में गिरी। घटना सुबह 3:34 बजे हुई।

### हिमाचल में बारिश से 253 लोगों की मौत

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में अब तक 253 लोगों की मौत हुई है। 121 करोड़ रुपए की संपत्ति तबाह हो गई है। इसके साथ 383 लोग घायल और 30 लोग लापता हैं। मृतकों में 110 लोगों की जान सड़क हादसों में गई है, जबकि बाढ़ में 8, लैंडस्लाइड से 5, बादल फटने से 22, पानी में डूबने से 26, सांप के काटने से 21, करंट लगने से 15, पेड़ गिरने से 38 और 8 की अन्य कारणों से जान गई है। वलसाड के खानजन पालिया क्षेत्र में एनडीआरएफ की टीम ने औरंगा नदी में फंसे एक व्यक्ति को बचाया। नवसारी में पूर्णिया नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर 24 फीट तक बढ़ गया है। अहमदाबाद में सोमवार सुबह भी तेज बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भर गया। कई निचले इलाकों में पानी भरा हुआ है। डंग जिले में अंबिका नदी उफान पर है। डंग में कई घरों में अंबिका नदी का पानी भर गया है। महाराष्ट्र के नासिक में भारी बारिश के बाद गोदावरी नदी ओवरफ्लो हो गई है। भारी बारिश के चलते मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कलियासोत बांध ओवरफ्लो हो रहा है। राजकोट में भारी बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया है। मणिपुर के थौबल जिले में लगातार बारिश के कारण खंगाबोक और आसपास के गांवों में बाढ़ आ गई है। राजस्थान के अजमेर के पास स्थित कृत्रिम झील फॉय सागर ओवरफ्लो हो गई है।

राहुल बोले- कंगना का बयान किसान विरोधी नीति का सबूत

## कंगना ने कहा था- प्रोटेस्ट में रेप-मर्डर हुए, भाजपा ने बयान देने पर रोक लगाई

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। किसान आंदोलन के दौरान रेप-मर्डर होने के कंगना रनोट के बयान पर विपक्ष हमलावर है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा- भाजपा सांसद द्वारा किसानों को बलात्कारी और विदेशी ताकतों का नुमाइंदा कहना भाजपा की किसान विरोधी नीति और नीयत का सबूत है। अन्नदाताओं के मान-सम्मान पर हमला करने से किसानों से किया गया मोदी सरकार का धोखा छिप नहीं सकता। इससे पहले भाजपा ने एक्ट्रेस-सांसद कंगना रनोट के बयान से खुद को अलग कर लिया। भाजपा की प्रेस रिलीज जारी की। इसमें लिखा- पार्टी कंगना के बयान से असहमत है। उन्हें पार्टी के नीतिगत मुद्दों पर बोलने की इजाजत नहीं है। वे पार्टी की तरफ से बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं। भाजपा ने कंगना को हिदायत दी है कि वे इस मुद्दे पर आगे कोई बयान न दें। भाजपा की प्रेस रिलीज पर शिवसेना (उद्धव गुट) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि न तो यह भाजपा के लेटरहेड पर है, न इस पर किसी के दस्तखत है। यह भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी नहीं है। उन्होंने भाजपा को टैग करके लिखा कि इसके पीछे कोई वजह है या यह भी एक जुमला है। कंगना ने कहा



था कि पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे। वहां रेप और हत्याएं हो रही थीं। अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता। किसान बिल को वापस ले लिया गया वर्ना इन उपद्रवियों की बहुत लंबी प्लानिंग थी। वे देश में कुछ भी कर सकते थे। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि इस देश में इससे पहले अन्नदाताओं को बलात्कारी कभी नहीं बोला गया। भाजपा इस मामले से पल्ला नहीं झाड़ सकती। अगर आपकी पार्टी में कोई इतनी कुत्सित मानसिकता आदमी का व्यक्ति है, तो उसे निकाल फेंकिए। विदेश और गृह मंत्रालय को स्पष्टीकरण देना चाहिए, क्योंकि वे कह रही हैं कि देश में चीनी और विदेशी शक्तियां काम कर रही हैं।

भीलवाड़ा में डंडे के बल पर बाजार बंद करवाए

## धार्मिक स्थल के बाहर पशु अवशेष मिलने के बाद तनाव, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा

■ संजीवनी टुडे

भीलवाड़ा। धार्मिक स्थल के बाहर पशु अवशेष मिलने के बाद भीलवाड़ा शहर का माहौल गरमा गया है। पिछले दो दिन से लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। सोमवार को भीड़ ने डंडे के बल पर बाजार बंद कराए। बाजार में पत्थरबाजी भी की गई। इसके बाद परशुराम सर्किल पर लोग जुटे। यहां से कलेक्ट्रेट की ओर भीड़ बढ़ने लगी। फौरन पुलिस एक्टिव हुई और लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। परशुराम सर्किल पर प्रदर्शन जारी है। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सोमवार सुबह 11.30 बजे से शाम 4 बजे के बीच कई बार पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। शाम 4 बजे लोग कलेक्ट्री की तरफ बढ़े तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ा। लोगों की तरफ से पुलिस पर भी पथराव किया गया। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पथराव और लाठीचार्ज में कुछ लोगों के मामूली घायल होने की भी सूचना है। जानकारी के अनुसार, 25 अगस्त की सुबह करीब साढ़े दस बजे कोतवाली थाना इलाके के भवानी नगर में स्थित धार्मिक स्थल के बाहर पशु अवशेष फेंककर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया था। दोपहर करीब एक बजे गुस्साए लोग भवानी नगर चौराहे पर जुट गए। इस भीड़



में सांसद दामोदर अग्रवाल और संत महामंडलेश्वर हंसाराम भी शामिल हो गए थे। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इसके बाद लोग धरने पर बैठ गए। पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच बजे तक का अल्टीमेटम दिया गया था। सोमवार दोपहर परशुराम सर्किल से कुछ लोग हाथों में डंडे लेकर शहर के मार्केट में निकले। इस दौरान कुछ युवक पत्थरबाजी भी करते दिखे। 25 अगस्त की रातभर शहर के प्रभावित इलाकों (शास्त्रीनगर और भवानी नगर) में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। देर रात 11.30 बजे एरिया में में एसपी राजन दुष्यंत और कलेक्टर नमित मेहता घूमते रहे। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

### भीड़ पुलिस चौकी की ओर बढ़ने लगी थी

कोई रिजल्ट सामने नहीं आया। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। भीड़ भवानी नगर पुलिस चौकी की ओर बढ़ने लगी थी। पुलिस ने बमुश्किल भीड़ को रोका। चौकी की दूसरी तरफ दूसरे समुदाय की बस्ती होने के कारण माहौल खराब होने की आशंका थी। पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। एसपी राजन दुष्यंत व कलेक्टर नमित मेहताने ने लोगों से बात की थी। इसके बाद मामला शांत हुआ था। उग्र भीड़ ने पुलिस प्रशासन को सोमवार दोपहर 12 बजे तक की मोहलत दे दी थी।

करनाल पहुंचे पूर्व एख्र मनोहर लाल

## बोले 28 या 29 को हो सकती है भाजपा के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी

■ संजीवनी टुडे

करनाल। सोमवार देर शाम को हरियाणा के करनाल पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि बीजेपी की चुनावी इकाई उम्मीदवारों की सूची को लेकर मंथन कर रही है, और कई दावेदार अपनी उम्मीदवारी के लिए बायोडाटा दे रहे हैं। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि प्रदेश की चुनाव समिति की बैठक हो चुकी है और केंद्रीय चुनाव पार्लिमेंट्री बोर्ड के पास सूची भेजी जाएगी। संभावना है कि 28 या 29 अगस्त तक पहली सूची जारी हो सकती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से जब विपक्ष के नेता दुष्यंत चौटाला को हुड्डा के साथ तालमेल न बैठाने की सलाह देने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने लोकतंत्र की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि राजनीति में कौन किसकी रणनीति प्रभावित करेगा, यह तय करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम सभी को सावधान रहने की सलाह देते हैं क्योंकि 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। उन्होंने आगे बताया कि बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ चुनाव जीतेगी और गठबंधन की संभावनाओं पर विचार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता।



### यूपीएस योजना के फायदे

पेंशन लाभों पर चर्चामनोहर लाल ने यूपीएस (यूनिवर्सल पेंशन स्कीम) के तहत आने वाले लाभों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के लागू होने से रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन में सुधार देखने को मिलेगा। 25 साल की सेवा के बाद, कर्मचारी पहले की तरह पेंशन के हकदार होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि न्यूनतम 10,000 रुपये पेंशन की गारंटी दी गई है, जिससे सभी कर्मचारियों को न्याय मिलेगा।

### कृष्ण पंवार का कांग्रेस पर निशाना


वहीं सोमवार शाम को करनाल पहुंचे राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार ने करनाल में कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में चार दिशाओं की तरह चार मुख्यमंत्री बनने की होड़ मची हुई है। उन्होंने बीजेपी की उम्मीदवार सूची पर टिप्पणी करने से बचते हुए कहा कि चुनाव समिति और केंद्र ही तय करेंगे कि सूची कब जारी होगी। कंगना रनौत के बयान पर कृष्ण पंवार ने कोई टिप्पणी नहीं की और इसे उनका निजी बयान बताते हुए इस मुद्दे पर कोई जानकारी न होने का हवाला दिया। नायब सैनी द्वारा दुष्यंत चौटाला को हुड्डा से दूर रहने की सलाह पर भी चर्चा हुई। कृष्ण पंवार ने नायब सैनी की सलाह का समर्थन किया और उन्हें एक सुलझे हुए नेता बताया।

## कंगना ने किसानों को रेपिस्ट कहा, देश से माफी मांगें

■ संजीवनी टुडे

### शिवसेना सांसद बोलीं- सीबीआई अरेस्ट करे, ताकि आंदोलन में विदेशी ताकतों का सच पता चले

मुंबई। किसान आंदोलन में रेप-मर्डर की बात कहने वालीं एक्ट्रेस-सांसद कंगना रनोट के बयान पर विपक्ष हमलावर है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा- भाजपा सांसद द्वारा किसानों को बलात्कारी और विदेशी ताकतों का नुमाइंदा कहना भाजपा की किसान विरोधी नीति और नीयत का सबूत है। इससे पहले भाजपा ने एक्ट्रेस-सांसद कंगना रनोट के बयान से खुद को अलग कर लिया था। अब शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि कंगना ने किसानों को रेपिस्ट कहा है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। आंदोलन में विदेशी हाथ होने के कंगना के दावे पर चतुर्वेदी ने



कहा कि क्या उनके पास प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और गट्टइ डोभाल से ज्यादा जानकारी है। एउक्रउन्हें अरेस्ट करके पूछताछ करे, ताकि सच सामने आ सके। मैं हैरान हूं कि एक सांसद ने ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। वे किसानों को रेपिस्ट कह रही हैं, क्या रेप इतना हल्का शब्द है? कंगना देश के किसानों की तुलना आतंकवादियों और बांग्लादेश वालों से कैसे कर सकती हैं। कंगना को समझना पड़ेगा कि वे अब सांसद हैं, थोड़ी तो मैच्योरिटी दिखाएं। अब उनका काम सिर्फ फिल्म का प्रमोशन करना नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी के किसी व्यक्ति ने इसका विरोध नहीं किया, यह दिखाता है कि ये लोग कितने बड़े किसान विरोधी हैं। प्रधानमंत्री को इस पर संज्ञान लेना चाहिए और कंगना को माफी मांगने के लिए मजबूर करना चाहिए। यह बड़ी अजीब बात है, जो जानकारी देश की खुफिया एजेंसियों को नहीं है, वह कंगना रनोट के पास है।

जम्मू कश्मीर चुनावः कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी

## 9 कैंडीडेट का ऐलान, नेशनल कांफ्रेंस भी 18 उम्मीदवार उतार चुकी, दोनों पार्टी गठबंधन में

■ संजीवनी टुडे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस ने सोमवार देर रात 9 कैंडीडेट की पहली लिस्ट जारी कर दी। वहीं नेशनल कांफ्रेंस ने भी 19 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। दोनों पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग फॉर्मूला 26 अगस्त को फाइनल हो गया था। केंद्र शासित प्रदेश की 90 सीटों में से 51 पर नेशनल कॉन्फ्रेंस और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें सीपीआई (एम) और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, सलमान खुर्शीद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हामीद कर्रा ने सोमवार को श्रीनगर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला के घर जाकर मुलाकात की। नेताओं के बीच घंटों चली मीटिंग के बाद सीट शेयरिंग पर बात बनी थी। इलेक्शन कमीशन ने 16 अगस्त को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। राज्य में तीन फ़ेज में वोटिंग होगी। यहां विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं। बहुमत का आंकड़ा 46 है। जम्मू-कश्मीर में आखिरी बार 2014 में विधानसभा चुनाव हुए थे।

### राहुल ने कहा था- गठबंधन तभी, जब कार्यकर्ताओं को इज्जत मिलेगी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी 21 अगस्त की शाम श्रीनगर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर मीटिंग की। राहुल ने 22 अगस्त को कार्यकर्ताओं से कहा था कि जम्मू-कश्मीर चुनाव में गठबंधन तभी होगा, जब कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को इज्जत मिलेगी। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि अगर हमने जम्मू-कश्मीर का चुनाव जीत लिया तो पूरा देश हमारे कब्जे में होगा। तब भाजपा और पीडीपी ने गठबंधन सरकार बनाई थी। 2018 में गठबंधन टूटने के बाद सरकार गिर गई थी। इसके बाद राज्य में 6 महीने तक राज्यपाल शासन (उस समय जम्मू-कश्मीर संविधान के अनुसार) रहा। इसके बाद राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। राष्ट्रपति शासन के बीच ही 2019 के लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें भाजपा भारी बहुमत के साथ केंद्र में लौटी।

केंद्र बोला- बंगाल में 123 फास्टट्रैक कोर्ट, अधिकतर बंद

## ममता ने पीएम को लिखा था- देश में रोज 90 रेप केस हो रहे, फास्टट्रैक कोर्ट बनाएं

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। कोलकाता रेप-मर्डर केस में केंद्र सरकार ने सोमवार(26 अगस्त) को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चिट्ठी का जवाब दिया। केंद्र ने ममता सरकार को कहा कि बंगाल में कुल 123 फास्टट्रैक कोर्ट शुरू किए गए, लेकिन उनमें अधिकतर बंद हैं। ममता ने 22 अगस्त को पीएम मोदी की चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने कहा था कि देश में रोज रेप के 90 मामले सामने आते हैं। इसे रोकने के लिए सख्त कानून बनना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से ममता की चिट्ठी का जवाब महिला विकास और परिवार कल्याण मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिया। ममता ने पीएम को लिखा था- रेप जैसे



मामलों में 15 दिन में केस खत्म हों पश्चिम बंगाल की सीएम ने मोदी को लिखा- मौजूदा डेटा बताता है कि देश में रोज 90 रेप केस हो रहे हैं। ज्यादातर मामलों में रेप पीड़ित की हत्या हो जाती है। यह ट्रेंड भयावह है। यह समाज और देश के आत्मविश्वास और विवेक को झकझोर देता है। यह हमारा कर्तव्य है कि महिलाएं सुरक्षित महसूस करें। इसके लिए जरूरी है कि केंद्र सरकार एक कड़ा कानून बनाए, जिसमें इस तरह के जघन्य अपराध करने वाले को कड़ी सजा का प्रावधान हो। ऐसे मामलों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाना चाहिए। पीड़ित को जल्द न्याय मिल सके, इसके लिए जरूरी है कि ट्रायल 15 दिन में पूरा कर लिया जाना चाहिए।

चंपाई सोरेन 30 अगस्त को बीजेपी में शामिल होंगे

## दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात हुई, असम सीएम हिमंता ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल होंगे। वह 30 अगस्त को रांची में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस बात की जानकारी असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर दी। हिमंता ने लिखा- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हमारे देश के एक प्रतिष्ठित आदिवासी नेता, चंपई सोरेन ने कुछ देर पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वह 30 अगस्त को रांची में आधिकारिक रूप से भाजपा में शामिल होंगे। चंपाई सोरेन ने 21 अगस्त को अपने आवास पर नई राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया था। चंपाई ने कहा था, 'हम राजनीति से संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। हमने जो अध्याय शुरू किया है, उसका चैप्टर बदलता रहेगा। नए संगठन को मजबूत करेंगे। रास्ते में कोई दोस्त मिला तो दोस्ती करेंगे।' 16 अगस्त को चंपाई सोरेने के साथ जेएमएम के विधायक समीर मोहंती, दशरथ गगराई, नीरल पूर्ती, चमरा लिंडा, रामदास सोरेन, संजीव सरदार और मंगल कालिंदी के भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं होने लगीं।

### चंपाई ने कहा- एक हफ्ते में सब क्लियर हो जाएगा



चुनाव को देखते हुए नई पार्टी बनाने के लिए अब समय कम रह गया है, इस पर चंपाई बोले कि इससे आपको क्या परेशानी है। जब 3-4 दिन में 30-40 हजार कार्यकर्ता आ गए तो नई पार्टी बनाने में हमको क्या परेशानी है। 7 दिन में सब साफ हो जाएगा। रिपोर्टर के ये पूछने पर कि झारखंड सरकार में बने रहेंगे, इस पर चंपाई तल्खी दिखाते हुए बोले, 'हमने बोल दिया ना कि नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। नया अध्याय शुरू करेंगे तो एक जगह रहेंगे कि दुई (दो) जगह रहेंगे। जनसमर्थन ने ही हमारा हौसला बुलंद किया है। इसी से लगा कि अब आगे बढ़ो। मंत्री पद से इस्तीफा कब देंगे, इस पर चंपाई ने कहा कि उसका समय बताएंगे।' उनसे जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने इसे अफवाह बता कर खारिज कर दिया। 18 अगस्त को चंपाई सोरेन की अचानक कोलकाता के दमदम एयरपोर्ट से दिल्ली जाने की सूचना सामने आती है। वे 1 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करते हैं। यहां उनकी बीजेपी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की चर्चा शुरू हो गई।

खबरें फटाफट

## वैश्य महिला समिति ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व



■ संजीवनी टुडे

राजगढ(अलवर)। वैश्य महिला समिति ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व। वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष ममता गुप्ता ने बताया की गायत्री मंदिर पर कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समिति सदस्यों के द्वारा लड्डू गोपाल की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर बड़ी ही धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। समिति के सदस्यों ने भजन व सत्संग कर एक दूसरे को बधाईयां दी।छोटे छोटे बच्चो को राधा कृष्ण के रूप में सजाया गया। राधा कृष्ण के रूप में सजे बच्चो को समिति के द्वारा पुरुस्कार दिया गया। कार्यक्रम के समापन में सभी को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मीना खंडेलवाल,कमलेश गुप्ता, चंद्रकांता विजय,सुनीता महेश्वरी,रेणु जैन,बबिता गोयल,ममता विजय, नमिता गुप्ता,सुनीता आदि सदस्य मौजूद रहें।

## भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला आज

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। भाजपा मंडल राजपुर - धमरेड़ की भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला आज 12 बजे से गोठ की चौकी हनुमान मंदिर में आयोजित होगी। कार्यक्रम संयोजक हरिओम यादव ने बताया कि कार्यशाला में पूर्व केबिनेट मंत्री हेमसिंह भड़ाना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमनाथ धामाणी मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में भाजपा मंडल राजपुर-धमरेड के पूर्व एवं वर्तमान मंडल पदाधिकारी जिला, कार्यकारिणी सदस्य, सांसद , जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य व मोर्चा के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, सभी कार्यक्रमों के संयोजक उपस्थित रहेंगे।

## भागवत कथा में वामन अवतार की कथा सुनाई



■ संजीवनी टुडे

रैणी(अलवर)। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सालोली के गांव बुचपुरी में श्री देवनारायण बाबा के स्थान पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिन भागवत आचार्य पंडित रामहेत दुबे ने जड़ भरत जी कि कथा,वामन भगवान का अवतार, आदि प्रसंग सुनाया। श्री देव बाबा बूचपुरी मे कथा वाचन के दौरान पंचायत समिति रैणी प्रधान मीरा देवी, कानेटी सरपंच मुकेशी देवी,जिला परिषद सदस्य मौसम देवी,मुनीराम बाबा,जयराम बाबा, लालाराम शर्मा,राजेन्द्र सिंह राजपूत, भीम सिंह,प्रभु योगी,अमरनाथ मीना, रूपनारायण मीना,रामऋषि मीना, हरसी मीना,ओमी मीना,शिवदयाल मीना,गीलाराम मीना,महेश मीना, अजेश मीना,पवन मीना,भगवान सहाय मीना, हरिओम मीना,खुशीराम मीना,सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

## नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कस्बे सहित आसपास के मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। कस्बे के गोविंद देव जी बाजार स्थित श्री राधे गोविंद मंदिर, चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर, मालाखेड़ा गेट स्थित शीतला माता सेवा समिति द्वारा आयोजित गोपालोत्सव दही हांडी सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। राधे गोविंद मंदिर में भगवान को नवीन पोशाक धारण करवाई गई। रात्रि को भगवान का विधि-विधान से पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया गया। उसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर परिसर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, जय श्री राधे गोविंद, जय जगदीश हरे के जयकारों से गूंजायमान हो गया। वहीं कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में दही हांडी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# हेड कॉन्स्टेबल आत्महत्या मामला: पांच दिन से धरना दे रही पत्नी मीना देवी ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**बीजेपी एससी- एसटी को दूसरे नजरिये से देखती है, मुख्यमंत्री तुरंत संज्ञान लेः हनुमान बेनिवाल**

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजधानी जयपुर के भांकरोटा थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल बाबूलाल बैरवा के आत्महत्या प्रकरण में सोमवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नागौर से सांसद हनुमान बेनिवाल एसएमएस हॉस्पिटल के धरना स्थल पर पहुंचे जहां मृतक बाबूलाल की पत्नी मीना देवी ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। मीना देवी अन्य परिजनों के साथ पिछले 5 दिन से एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठी है। सोमवार उन्होंने धरना स्थल पर एलान किया कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो वह धरना स्थल पर ही आत्मदाह करेगी। बेनीवाल ने कहा कि मृतक बाबूलाल बैरवा ने अपने सुसाइड नोट में मुख्यमंत्री



और उपमुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए लिखा था कि मुझे और मेरे परिवार को आप न्याय दिलाना। इतनी स्पष्ट बात लिखने के बाद भी बैरवा समाज से आने वाले उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा यहां नहीं आए। बेनीवाल ने कहा कि प्रेमचंद बैरवा, बैरवा समाज और किसानों के वोटों से चुनाव जीते हैं। उनकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे धरना स्थल आते और कहते कि यह बाबूलाल बैरवा के परिजनों की नहीं, मेरे परिवार की लड़ाई है। पिछले 5 दिनों से एक हेड कॉन्स्टेबल का शव यहां रखा हुआ है, लेकिन इनकी कोई सुनने वाला नहीं है। बेनिवाल ने कहा कि सरकार संवेदनहीन है। सरकार इस वर्ग का शोषण करना चाहती है। बीजेपी की राजस्थान और दिल्ली की सरकार एससी-एसटी वर्ग को दूसरे नजरिए से देखती है। बेनीवाल ने कहा कि यह राजस्थान सरकार और जयपुर कमिश्नरेट की असफलता है कि पुलिस का पुलिस पर से भरोसा उठ जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को तुरंत इस मामले में संज्ञान लेकर परिजनों की मांगों को मनाना चाहिए।

## देश से 1500 फिजियोथेपिस्ट लेंगे भाग उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा करेंगे शिरकत



■ संजीवनी टुडे

### प्रथम भारत फिजियो समिट कॉन्फ्रेंस जयपुर में आज

जयपुर। महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं राजस्थानी फिजियोथेरपी क्लिनिशन एसोसिएसन एवं महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में प्रथम भारत फिजियो समिट कॉन्फ्रेंस आज 3 फरवरी को आर आई सी झालाना व 4 फरवरी को महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी कूकस में आयोजित हो रहा है। जिसके मुख्य अथिति उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा होंगे एवं विशिष्ट अथिति प्रफुल कुमार आई पी एस क्राइम, धीरेन्द्र मदान, डॉ. वर्षा तनु, महेश चौधरी एवं प्रिया सिंह रहेंगे। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग सेकेट्री डॉ. ध्रुव तनेजा, डॉ. मालीराम और कॉन्फ्रेंस सेकेट्री डॉ. संदीप अरोरा, डॉ. विकास सैनी, कॉन्फ्रेस के कन्वेनर डॉ. एम डी सुहेल और को कन्वेनर डॉ. अमित नाटाणी होंगे। फिजियोथेरपी क्षेत्र की यह कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य रिसर्च आधारित प्रेक्टिस होगा। डॉ. अरुण शर्मा, अनिल चौधरी, डॉ. संजय गर्ग ने बताया की कॉंफ्रेंस में पूरे देश से 1500 फिजियोथेपिस्ट भाग लेंगे। कॉंफ्रेंस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।

## कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया

■ संजीवनी टुडे



चाकसू : यहां भाद्रपद, कृष्ण पक्ष अष्टमी के उपलक्ष्य में मानव पीजी महाविद्यालय और मानव पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया और समारोह की शुरुआत संस्था निदेशक विकेश खोलिया,पूर्व राज्य मंत्री राजस्थान सरकार , प्रबंध निदेशक निर्मला खोलिया, संस्था प्राचार्य डॉ. भावना उपाध्याय व अनिल पारीक वरिष्ठ पत्रकार ने मां सरस्वती व श्री कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर के दीप प्रज्वलित कर किया गया और श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर मानव पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की मनमोहक झांकी प्रदर्शित की गई व राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण कर राधा कृष्ण नृत्य प्रस्तुत किया था और राधा कृष्ण को झूले पर झुलाया गया था वहीं श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्री कृष्ण के विभिन्न परिवारजनों के परिधान पहनकर प्रदर्शन किया गया वहीं इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नव्या जैन कक्षा सात राधा रानी, चेतना वर्मा कक्षा पांच रुक्मणी, गौरव बेरवा कक्षा सात सुदामा व कक्षा आठ कि गौरी शुक्ला व परिधि अग्रवाल गोपियों की पोशाक तथा प्रियांशी श्री कृष्णा, युवराज, सौम्या पुष्पेंद्र प्रिंस पुनीत आदि नन्हे बच्चों ने राघाकृष्ण जी की पोशाक पहनकर प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया वही श्री कृष्ण जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राए के अलग - अलग समूहों ने भाग लिया था और वही प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया था और वही कार्यक्रम के अंत में संस्था निदेशक विकेश खोलिया ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने महाभारत में अर्जुन का सारथी बनकर गीता का उपदेश दिया था और वे धर्म की लड़ाई के प्रति अर्जुन के साथ रहे थे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और संस्था सचिव निर्मला खोलिया ने श्री कृष्ण के जन्म से मृत्यु तक का वृतांत बतलाया वहीं अनिल पारीक संवाददाता ने कृष्ण की 64 कलाओं एवम लीलाओं के बारे में बताया । कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. भावना उपाध्याय, प्राचार्या मानव कॉलेज ने माना ने सभी विद्यार्थियों को प्रसादी वितरण किया गया था।

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने अधिकारियों की बैठक ली



■ संजीवनी टुडे

अलवर। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य (राज्यमंत्री का दर्ज़ा) केरसी देबू की अध्यक्षता में सोमवार को सर्किट हाउस में बैठक अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य देबू ने संबंधित अधिकारियों से अल्पसंख्यक समुदाय के सर्वांगीण विकास की दिशा में किए जा कार्यों एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को निर्देश दिये कि अल्पसंख्यक विभाग के छात्रावासों में विद्यार्थियों को सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जावे। अल्पसंख्यक समुदाय में बालिका शिक्षा के स्तर को बढाने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को प्रदान किया जावे तथा इन योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी करावे जिससे अल्पसंख्यक समुदाय का व्यक्ति लाभ प्राप्त करने से वंचित न रहे। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य देबू ने सर्किट हाउस में अल्पसंख्यक समुदायक के लोगों की परिवेदनाएं सुनकर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण के पश्चात संबंधित व्यक्ति को सूचित करें। इस दौरान एडीएम प्रथम परसराम मीना, एडीएम प्रथम बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी सीमा खेतान तथा सालिम हुसैन, सरदार बुता सिंह, जीत सिंह, कुलवन्त सिंह, सरदार गुरनाम सिंह, यशपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खेल सप्ताह का हुआ शुभारम्भ, रैली के माध्यम से युवाओं ने दिया फिट इंडिया का संदेश

■ संजीवनी टुडे



अलवर । राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आमजन की खेलों में भागीदारी बढाने व खेल व फिटनेस कलचर स्थापित करने के उद्देश्य से आज खेल सप्ताह का शुभाम्भ बेलून उडाकर सोमवार को प्रातः शहीद स्मारक से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक रैली के माध्यम से किया गया। रैली व युवा दौड को अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय परसराम मीणा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एडीएम द्वितीय मीणा ने बताया कि हॉकी के महान खिलाडी मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल व फिटनेस गतिविधियों में बडे पैमाने पर भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 31 अगस्त तक खेल सप्ताह आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत जिलेभर में विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित होगी। रैली में बडी संख्या में विद्यालय के छात्रा, खिलाडी, कोच एवं आमजन ने भाग लेकर फीट इंडिया का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को िंडिया की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान श्री फट इगंगानगर में आयोजित राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक विजेता रहे जिले के खिलाडियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। खेल सप्ताह के तहत जिला स्तर, ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर दो परियों में खेल आयोजित हुए जिसमें 2 किमी से 5 किमी तक की दौड का आयोजन किया गया एवं खिलाडियों द्वारा श्रमदान किया गया। इस दौरान जिलेभर के खिलाडियों ने जोश व उत्साह के साथ भाग लिया।

### 31 अगस्त तक होगी विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित

खेल सप्ताह के तहत 27 अगस्त को विभिन्न वेशभूषा में परम्परागत खेलों का आयोजन जैसे रस्साकशी, सन्तोलिया, रूमाल झप्पटा (बालिका), गिल्ली डण्डा, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो एवं तिरंदाजी की गतिविधियां आयोजित होंगी। वहीं 29 अगस्त को प्रभातफ़ेरी (2 किमी) नयर/सीनियर खिलाडियों के मध्य हॉकी खेल का आयोजन किया जाएगा एवं हॉकी खिलाडियों जूकि सम्मान किया जाएगा। 30 अगस्त को वॉक, रेस, बॉलीबॉल, फुटबॉल, टेनिसबॉल, क्रिकेट, बैडमिन्टन एवं शतरंज गतिविधियां आयोजित होगी तथा 31 अगस्त को बॉस्केटबॉल, टेबिलटेनिस, रॉपजम्पिंग, लेमनरेस/सर्कल रेस, लगौरी, लगडी व पलाक्क चेंलेज गतिविधि आयोजित होगी। इन गतिविधियों में विद्यालयों में अध्ययनरत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाडी, खेल प्रशिक्षक, विद्यालयों के विद्यार्थी, एनएसएस, एनसीसी, स्काउटिंग एवं गाइडिग गतिविधियों के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को फिट इंडिया की शपथ भी दिलाई जाएगी। इस दौरान जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी नेकीराम सहित संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में युवा एवं आमजन मौजूद रहे।

# सदस्यता अभियान को लेकर राजगढ़ भाजपा मंडल की बैठक हुई आयोजित

**बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर दिया जोर**

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। भारतीय जनता पार्टी मंडल राजगढ़ की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन मण्डल अध्यक्ष राहुल दीक्षित की अध्यक्षता में तुषार मैरिज गार्डन कारोठ रोड राजगढ़ में किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता,विशिष्ट अथिति उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा,जिला मंत्री व कार्यक्रम सह संयोजक मीना सैनी,जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, जिला महामंत्री शिवलाल मीणा, विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी रहे। जिला अध्यक्ष गुप्ता ने कार्यकर्ताओ से कहा कि आने वाली 1 सितम्बर से आरम्भ होने वाले सदस्यता अभियान को सफल बनाने तथा ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाकर अलवर जिले को प्रथम स्थान पर लाने की बात कही वही कार्यक्रम की सह संयोजक मीना सैनी ने कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों जैसे दस करोड़ प्लस सदस्य बनाना, राष्ट्र निमार्ण की प्रतिज्ञा -विकसित भारत 2047, सर्व व्यापी भाजपा, सर्व स्पर्शी




भाजपा - समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना जैसे विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री अजय यादव, चंद्रशेखर सैनी, उपाध्यक्ष हुकम परेवा, प्रभातीलाल कोली, नंदकिशोर सैनी, जनार्दन सिंह, सीमा विजय, अल्का सैनी, मण्डल मंत्री सुखराम सैनी, ज्योति सचदेवा, विष्णु जांगिड़, कार्यक्रम की सहसंयोजक प्रीति शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष सिंबू सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक खंडेलवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना शर्मा, एसी मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र बेरवा, गुंजन सैनी, पदमा गोयल, संगीता चेयरवाल, रामजीलाल दुहारिया, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री शेखर तमोली, प्रमोद शर्मा सहित कार्यक्रम में भाजपा मण्डल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों व समस्त भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## गौ सेवा मित्र मंडल ने एक ट्रक सूखे चारे का श्री पाबूजी राठौड़ गोशाला में किया भेट



■ संजीवनी टुडे

बाड़मेर। श्री पाबूजी राठौड़ गोशाला दाता बाड़मेर में कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर गो भगतो ने गोमाता को एक पिक अप हरा चारा और एक ट्रक सूखे चारे को भेट किया इस अवसर पर गोभक्त ओमप्रकाश सोनी ने गो माता की सेवा में समर्पित होकर सभी को संदेश दिया कि सभी को मिलकर गो माता की सेवा में आगे हाथ बढ़ाए और गो सेवा करके अपने जीवन का कल्याण करे इस अवसर पर कमल मुंदड़ा, मनोहर तापड़िया, सुरेश बजारी, सुनील तापड़िया, राहुल बोथरा, मुकेश जीएम, आनंद गोलेच्छा, राजा बिरला, राहुल एनएक्स, दिनेश बोहरा, हितेश पदम प्रभु, मनोज भूतड़ा, पवन कुमार मां वांकल, प्यारी देवी मेहता, सहित कई गोभक्त मोजूद थे।

## कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती मनाई



■ संजीवनी टुडे

बिजयनगर। कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में सोमवार को कुम्हार मौहल्ले में स्थित कार्यालय पर स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस सेवादल के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 135 वीं जयंती पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल मसूदा विधानसभा अध्यक्ष रामलाल नंगवाडा ने कहा कि स्वर्गीय डाक्टर हार्डिकर ने कांग्रेस सेवादल के संगठन का निर्माण किया एवं सेवादल को नई पहचान देकर नये आयाम स्थापित किए और आज उनकी जयंती पर देश की एकता अखंडता कांग्रेस की मजबूती के लिए सेवादल संगठन के कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में जी तोड़ मेहनत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बिजयनगर शहर सेवादल अध्यक्ष इकबाल हुसैन व सुरेंद्र कावड़िया, सम्पतराज बाबेल, महावीर नाबेडा, गोपाल सिंह चौहान, सोहिल खान, सुरेश नील, हरीश शर्मा, हेमराज जांगिड, महावीर पांचाल, अब्बास अली, बुधराज धानका, आदिल मोहम्मद, दिनेश टेबडा आदि मोजूद रहे।

## चाणक्य विद्यापीठ पावली में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

■ संजीवनी टुडे

जसवंतपुरा।''वसुदेव सुतम देवम्,कंस चाणूरमर्दनम्। देवकी परमानन्दम्, कृष्णम् वंदे जगद्गुरूम् ।।'' सम्पूर्ण जगत के गुरु जिन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता जैसे अलौकिक ग्रंथ से सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित किया, भगवान श्री कृष्ण के जन्म दिवस अर्थात श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में निकटवर्ती गांव पावली में स्थित चाणक्य विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दोनो कैम्पस में कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।न्यू कैम्पस में मटकी फोड़ कार्यक्रम बहुत ही रोमांचक रहा जिसमें विद्यार्थियों को मटकी फोड़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी जिसका सभी विद्यार्थियों ने लुत्फ उठाया ।इसके साथ ही ओल्ड कैम्पस में नन्हें मुन्ने बालक-बालिकाएं श्री कृष्ण,राधा और सुदामा की वेशभूषा में बहुत ही शानदार लग रहे थे, जहां मटकी फोड़ कार्यक्रम के साथ डांडिया कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।दोनो कैम्पस में विद्यार्थियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बारे में बताया गया और भगवान श्री कृष्ण की जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया।संस्था के निदेशक हरीश पटेल ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए अच्छी शिक्षा तो अनिवार्य है ही लेकिन स्कूलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करवाने से विद्यार्थी अपनी पुरानी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े रहते हैं,वे महापुरुषों की जीवनी को आदर्श मानकर उनके बताए मार्ग पर चलेंगे तो जरूर सफल होंगे।इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## भाजपा मंडल माचाड़ी के सदस्यता अभियान की कार्यशाला हुई संपन्न



■ संजीवनी टुडे

माचाड़ी(राजगढ़)। माचाड़ी कस्बे में भाजपा मंडल माचाड़ी द्वारा नंगेश्वर जी महाराज मंदिर पर भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रगान व राष्ट्रभक्ति संगीत के साथ किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पधारे जिला महामंत्री एडवोकेट शिव लाल मीना ने बताया कि 31अगस्त तक प्रत्येक बूथ पर सदस्यता अभियान की कार्यशाला आवश्यक रूप से आयोजित की जायेगी। तत्पश्चात प्रथम चरण 1 सितंबर से 25 सितम्बर तक, द्वितीय चरण 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक,तीसरा चरण 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक घर - घर जाकर 8800002024 पर मिस्ड कॉल करवाकर सदस्यता अभियान को चलाया जाएगा। जिसमें 11 से 19 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 सदस्य बनाए जायेंगे। इस अवसर पर सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक पूर्ण सिंह नरूका, सहसंयोजक रत्न तिवाड़ी एवं संयोजक महेश कुमार इंदोरिया,पूर्व मंडल अध्यक्ष किशनचंद बटवाडा, नागपाल शर्मा, राम अवतार जांगिड़, हीरालाल सैनी, राजकुमार वर्मा,अनूप मीना, सुरेन्द्र शर्मा,राम गुर्जर, बिजेंद्र मीणा, शेर सिंह प्रजापत, बबली राम सैनी, गिरिराज सिंह,कमलेश यादव, सुरजन मीणा, चेतराम मीणा, दुलीचंद बैरवा,किशन प्रजापत, संजय सिंह राठौड़, पिनान मंडल उपाध्यक्ष भाग्यशाली सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोदाम के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ले गए सामान

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के मालाखेड़ा बाजार स्थित जय माता दी जनरल स्टोर के पीछे गोदाम के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सामान व ताले को भी ले गए। सुबह दुकान मालिक द्वारा गोदाम खोला तब चोरी का पता लगा। चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर राजगढ़ थानाधिकारी रामजीलाल मीणा मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया। गोदाम मालिक गिर्राज मामोडिया ने बताया कि सुबह जब वह गोदाम पर सामान लेने आया तो देखा की गोदाम का पर ताला नही था। वह गेट बंद थे। जिसमें से बीड़ी के कार्टून सहित करीब 24 हजार रूपये का सामान चोर चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि करीब दो माह पूर्व भी कस्बे के कमेटी की गली स्थित उनके भाई के घर से चोर जेवरात सहित नगदी चोरी कर ले गए थे। थानाधिकारी रामजीलाल मीना ने बताया कि सुबह सूचना मिली की मालाखेड़ा बाजार में गोदाम में चोरी हो गयी। सूचना पर मौके पर पहुंच घटनास्थल का जायजा लिया व चोरो की तलाश में जुट गए है।

## खबरें फटाफट

### सिक्किम के राज्यपाल माथुर ने पंजाब के राज्यपाल कटारिया की पूछी कुशलक्षेम



संजीवनी टुडे

उदयपुर। सिक्किम के माननीय राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने अपने दो दिवसीय उदयपुर प्रवास के दौरान सोमवार को पंजाब के माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से भेंटकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। माथुर ने आज कटारिया के निवास पर पहुंच कर मुलाकात की और गत दिनों उनके अस्वस्थ होने का समाचार मिलने पर उनकी कुशलक्षेम जानी । इस दौरान कटारिया ने भी माथुर का स्वागत किया और कई विषयों पर चर्चा भी की।

### सिक्किम के राज्यपाल का किया अभिनन्दन



संजीवनी टुडे

उदयपुर। चित्रगुप्त सभा द्वारा सोमवार को सिक्किम के राज्यपाल महामहिम ओमप्रकाश माथुर का उदयपुर आगमन पर सम्मान एवं अभिनन्दन किया गया। आज सुबह सर्किट हाउस में सभा अध्यक्ष डॉ गिरीश नाथ माथुर द्वारा राज्यपाल माथुर को पगड़ी पहनाकर एवं पूर्व अध्यक्ष एल एन माथुर द्वारा माल्यार्पण कर समाज के अन्य सदस्यों के साथ स्वागत किया । इस शिष्टाचार मुलाकात में मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी ,समाज सेवी दलपत सुराणा, शयाम नारायण, प्रेम बिहारी नाग, नरेन्द्र प्रसाद, दीपक, नरेंद्र कुमार,जगदीश नारायण,वित्त सचिव गोविन्द माथुर, मुख्य सचिव दिनेश माथुर ,अरविन्द माथुर ,रघुनाथ दत्त, सुधीर, देवेन्द्र कुमार,अरुण,गौरव, मोहित,गगन ,शिरीष माथुर द्वारा भी उपरना पहनाकर राज्यपाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल माथुर को समाज की वार्षिक गतिविधियों की लिखित जानकारी एवं समाज की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट भी भेंट किया ।

### सिक्किम के राज्यपाल माथुर का चित्रांश महासभा ने किया अभिनंदन



संजीवनी टुडे

उदयपुर। सिक्किम के माननीय राज्यपाल ओम प्रकाश जी माथुर का सोमवार को चित्रांश महासभा की ओर से सर्किट हाउस में अभिनंदन किया गया। चित्रांश महासभा मेवाड़ के अध्यक्ष चेतन नारायण माथुर ने राज्यपाल माथुर का साफा पहना कर सम्मान किया। महासभा के संरक्षक ललित नारायण माथुर और वरिष्ठ सलाहकार राहुल भटनागर, देवेन्द्र माथुर और सुधीर माथुर ने महामहिम राज्यपाल को मेवाड़ कायस्थ समाज की ओर से हाल ही में प्रकाशित हुई स्मारिका 'चित्रांश येलो पेजेज' भेंट की और समाज की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। महासभा के उपाध्यक्ष सतीश भटनागर और कमल रायजादा ने शाल और उपरने ओढ़ाकर राज्यपाल का अभिनंदन किया। इस मौके पर आशीष साहिवाल ने चित्रगुप्त जी की प्राचीन प्रतिमा तथा गगन माथुर ने कायस्थ पर लिखी स्व रचित कविता भेंट की। इस अवसर पर महासभा के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण आज

संजीवनी टुडे

उदयपुर। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (आरएससीईआरटी) उदयपुर द्वारा किशोर-किशोरी सशक्तिकरण के अन्तर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के साथ संचालित ''सेल्फ एस्टीम एण्ड बॉडी कॉन्फिडेंस'' शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत आधाफुल कॉमिक्स पर शिक्षकों के क्षमतावर्धन हेतु एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी के अनुसार सेल्फ एस्टीम एण्ड बॉडी कॉन्फिडेंस'' के तहत यह प्रशिक्षण जिला संदर्भ ईकाई के प्रभागाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश शर्मा एवम यूनिसेफ प्रतिनिधि कार्तिक जोशी के संयोजन में मंगलवार 27 अगस्त 2024 को प्रातः10:30 बजे से पीईईओ तथा संस्था प्रधानों का वर्चुअल आयोजित किया जा रहा गया है जिसमे जिले के समस्त ब्लॉक के पीईईओ एवं संस्था प्रधान भाग लेंगे। दूसरी ओर डाइट संस्थान के डीआरयू प्रभाग के अतंर्गत प्रभारी सुरेंद्र सिंह शक्तावत के संयोजन में कल दिनांक 27.08.2024 को प्रातः 10.00 बजे से एक दिवसीय ''जेण्डर संवेदनशीलता'' विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा ।

# नाथद्वारा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शाही सवारी: 50 हजार से ज्यादा भक्तों ने किया श्रीनाथजी के दर्शन

संजीवनी टुडे

### भजन मंडली के युवाओं ने बांधा समां







नाथद्वारा।पुष्टिमार्गीय सम्प्रदाय की प्रधान पीठ श्रीनाथजी की हवेली में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। श्रीनाथजी मंदिर के तिलकायत राकेश महाराज और उनके बेटे विशाल बावा की ओर से श्रीजी बावा के भाल पर कुमकुम का तिलक लगाया गया। इसके बाद श्रीजी बावा को घी, शहद, मिका बुरा, दूध, दही से पंचामृत स्नान कराया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीजी प्रभु का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसमें प्रभु को दुहरा श्रृंगार, चाकदार केसरी वस्त्र और मस्तक पर मोर चंद्रिका का अद्भुत शृंगार धराया गया। श्रीजी प्रभु के पांच हजार एक सौ नब्बे (5190) वें जन्मोत्सव वर्ष के अवसर पर श्रृंगार दर्शन में श्रीनाथजी मंदिर के पंड्या परेश नागर द्वारा श्रीजी प्रभु के सम्मुख प्रभु की जन्म पत्रिका का वाचन किया गया। इसके बाद प्रभु को राजभोग आरोगाया गया। गोस्वामी विशाल बावा ने श्रीजी प्रभु की आरती उतारी। जन्माष्टमी पर दर्शन को लेकर मंदिर मंडल द्वारा विशेष व्यवस्था की गई। सुबह से ही दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। दर्शन में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग व्यवस्था की गई। अब तक लगभग 50 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। तिलकायत राकेश महाराज और गोस्वामी विशाल बावा की प्रेरणा से वैष्णव गिरीश भाई शाह और उनकी धर्मपत्नी प्रतिभा बैन शाह की ओर से श्रीजी प्रभु की सेवा में बूंदी का भोग अर्पित कर एक लाख प्रसाद के पैकेट तैयार कर दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को वितरित किए गए। नगर के रिसाला चौक से ठाठ-बाट से निकली सवारी में नक्कारे और गोपाल निशान ने श्रीनाथ बैंड के साथ अगवानी की। गोविंद पलटन के जवान बैंड की स्वर लहरियों के साथ कदमताल करते चल रहे थे। वहीं शहर की भजन मंडली के नगर के रिसाला चौक से ठाठ-बाट से निकली सवारी में नक्कारे और गोपाल निशान ने श्रीनाथ बैंड के साथ अगवानी की। गोविंद पलटन के जवान बैंड की स्वर लहरियों के साथ कदमताल करते चल रहे थे। वहीं शहर की भजन मंडली के सैकड़ों युवाओं के संग देश के कोने-कोने से आए वैष्णव नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। सवारी में विभिन्न स्कूलों के बच्चे अलग-अलग देवी देवताओं के रूप रचकर सवारी में बैठे। सवारी में कारागृह, शैय्या पर सोए भीष्म, शेषावतार, राधा-कृष्ण, शिव पार्वती, कृष्ण अर्जुन, श्रीराम गरुड़ हनुमान, कृष्ण सुदामा मिलन, महारास, बाल स्वरूप की लीलाए, कृष्ण यशोदा, छाक लीला सहित करीब 30 प्रकार की झांकियां आकर्षित कर रही थी। सवारी देखने शहर के बाजार में लोगों का हुजूम उमड़ा। सवारी रिसाला चौक से शुरू होकर चौपाटी, देहली बाजार, गोविंद चौक, बड़ा बाजार, प्रीतमपोल, नया बाजार, चौपाटी से वापस रसाला चौक पहुंची।



# पिस्टल-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, पड़ोसी की हत्या के लिए निंबाहेड़ा से लाया था हथियार

संजीवनी टुडे

### 1 साल से रंजिश, झगड़े में पड़ोसी ने फूंक दी थी नई कार



उदयपुर।हिरणमगरी थाना पुलिस और जिला विशेष दल (डीएसटी) ने सोमवार को देसी कट्टे और 2 कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी ये हथियार रंजिश में पड़ोसी की हत्या के लिए निंबाहेड़ा से खरीदकर लाया था। पिछले दिनों देवराज हत्याकांड के कारण शहर में फैले तनाव के बीच उसने वारदात टाल दी और वृंदावन चला गया। वह 3 दिन पहले ही लौटा। कार्रवाई दल का दावा है कि वह हत्या की फिराक में था। थानाधिकारी दर्शन सिंह के मुताबिक सूचना थी कि कोई युवक जड़ाव नर्सरी से रेलवे पुलिया की तरफ पिस्टल लेकर घूम रहा है। इस पर डीएसटी और पुलिस टीम पहुंची। मौके से धानमंडी निवासी डोनेश उर्फ हनी को पकड़ा। उसके पास देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिले। आरोपी को गिरफ्तार कर कट्टा कारतूस जब्त किए। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से दो दिन के रिमांड पर लिया है। कार्रवाई दल में एसआई धनपत सिंह, एएसआई विक्रम सिंह, जोरावर सिंह, हेड कांस्टेबल अखिलेश्वर, रतन सिंह, कांस्टेबल उपेंद्र सिंह, आनंद सिंह और किरेंद्र सिंह शामिल थे। डोनेश से पूछताछ में सामने आया कि उसकी अपने पड़ोसी से एक साल से रंजिश है। झगड़ा होने पर पड़ोसी ने उसकी नई कार जला दी थी। इसलिए उसे मारने के लिए डोनेश करीब 20 दिन पहले निंबाहेड़ा निवासी सलमान लाला से पिस्टल और कारतूस खरीदकर लाया था। वह पड़ोसी को मारने की फिराक में था। इसी बीच गत 16 अगस्त को भट्टियानी चौहट्टा के सरकारी स्कूल में 10वीं के छात्र देवराज मोची की सहपाठी के हाथों हत्या हो गई। पूरे शहर में तनाव का माहौल देखते हुए डोनेश ने हत्या करना टाल दिया और वृंदावन चला गया। शहर में शांति बहाली होते ही वह 3 दिन पहले उदयपुर लौटा और वारदात की तैयारी में था।

# जन्माष्टमी पर हुए 21 कान्हा को नेक कमाई फाउंडेशन ने अस्पताल में दिए उपहार

संजीवनी टुडे



अलवर। जन्माष्टमी पर्व पर रात 12 बजे बाद हुए सभी 21 कान्हा को नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से उपहार वितरित किए गए। नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गुलाब देवी बंसल ट्रस्ट के सहयोग से जनाना अस्पताल में रात 12 बजे बाद जन्मे बच्चों को उपहार दिए जिनमें कपड़े, मां की साड़ी, कंबल, खिलौंने, फल, बांसुरी सहित कई सामान थे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने सभी को इस मौके की बधाई देते हुए नेक कमाई फाउंडेशन के कार्यो की सराहना की। शर्मा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नेक कमाई फाउंडेशन कई कार्य कर रही है जिनका सहयोग राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, संरक्षक दौलत राम हजरती, कार्यक्रम समन्वयक डा. आशुतोष शर्मा, सुशील बंसल, परमजीत सिंह गोगिया, युवा समाजसेवी सौरभ कालरा, प्रवीन बत्रा, गुरप्रीत सिंह पवित्र, दिव्यांशी कालरा, जितेन्द्र सेतिया तथा सोनिका अरोड़ा आदि थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कामर्स कॉलेज के प्रिंसीपल डा. सत्यभान यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से शीघ्र ही जनाना अस्पताल में मरीजों के लिए सेवा भावी कार्यों की शुरूआत होगी जिसके लिए विभाग से कार्यों पर मंत्रणा की जा रही है। मुख्य चिकित्सा ओर स्वास्थ्य अधिकारी डा. योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि अलवर जिले में जन सहयोग से चिकित्सा क्षेत्र में कई नवाचार होंगे। अलवर जनाना अस्पताल में कई जिलों से अधिक प्रसव होते हैं जिनकी संख्या प्रतिदिन 40 से 50 है। यहां सुविधाओं के विस्तार के कारण यह संभव हुआ है। अंत में संरक्षक दौलत राम हजरती और सौरभ कालरा ने चिकित्साकर्मियों का आभार जताया।

# पीएम सूर्य घर योजना: अगस्त तक 1.85 लाख घरों में लगने थे सोलर, लगे 1.32 लाख

संजीवनी टुडे

### अब स्कूलों के जरिए करेंगे



उदयपुर । प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार की ओर से हर सोलर कनेक्शन पर संबंधित ग्राम पंचायत को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की योजना भी शुरू की गई है। अब पीएम सूर्य घर के लक्ष्य को प्राप्त करने लिए स्कूलों को जोड़ा गया है। इसको लेकर स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, ताकि बच्चों के माध्यम से परिवार में सौर उर्जा की उपयोगिता को पहुंचाया जा सके। इसको लेकर 23 अगस्त को निदेशक शिक्षा विभाग और आयुक्त राजस्थान शिक्षा परिषद ने एक आदेश जारी किया है। साथ ही इसकी रिपोर्ट भी विभाग ने मांगी है। राज्य सरकार ने एक साल में 927901 परिवारों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। अगस्त तक 1 लाख 85 हजार 580 परिवारों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक 1.32 लाख परिवार ही जुड़ पाए हैं। उदयपुर ग्रामीण में कुल 767664 परिवार हैं, जबकि 136715 परिवार शहर में निवासरत हैं। यहां अभी 2 हजार आवेदन मिले हैं।

शिक्षा विभाग की ओर से इल्यूमिनेटिंग द फ्यूचर विथ सोलर एनर्जी (सौर ऊर्ज़ा से भविष्य को रोशन करना) विषय पर पेंटिंग, निबंध और शिक्षा विभाग की ओर से इल्यूमिनेटिंग द फ्यूचर विथ सोलर एनर्जी (सौर ऊर्ज़ा से भविष्य को रोशन करना) विषय पर पेंटिंग, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं के आयोजन के निर्देश दिए हैं। इसमें अधिक से बच्चों को भाग दिलाना है। ताकि ये बच्चे अपने-अपने घर जाकर सोलर एनर्जी के बारे में बातचीत करें और अभिभावकों इस योजना के लाभ आदि के बारे में बताएं। इससे अभिभावक पीएम सूर्य घर योजना के प्रति जागरूक होंगे। इस संबंध में निदेशक सीताराम जाट ने बताया है कि केंद्र के पत्र के आधार पर सभी को निर्देशित किया गया है। इसका मकसद, पीएम सूर्य घर योजना के कार्यों में तेजी लाना और ग्रामीणों व लोगों में जागरूकता लाना है। राजस्थान में कुल 1 करोड़ 32 लाख 55 हजार 722 परिवार निवासरत है। जिसमें से सरकार ने इस साल के लिए 9 लाख 27 हजार 901 परिवार का लक्ष्य लिया है। यानी की इस साल के अंत तक उपरोक्त लक्ष्य को पूरा करना है। दूसरी ओर, जुलाई तक 46355 परिवार, अगस्त तक 185580 परिवार, सितंबर तक 371160 परिवार, अक्टूबर तक 556740 परिवार, नवंबर तक 742320 और दिसंबर तक 927901 परिवारों को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ना है।

# मानसून से पहले नहीं चेते, बह गया बाइपास, दर्जनों गांवों का मुख्यालय से संपर्क कटा, आवागमन में परेशानी

संजीवनी टुडे





उदयपुर।झाड़ोल उपखंड क्षेत्र के झाड़ापिपला-ओगणा मार्ग पर थोबावाड़ा के निकट उपखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क थोबावाड़ा से झाड़ा पिपला के बीच निर्माणाधीन पुलिया का कार्य मानसून से पहले पूर्ण नहीं होने से अब तेज बारिश से लोगों की आवाजाही बिल्कुल बंद हो चुकी है। वर्तमान में ठेकेदार द्वारा पुलिया निर्माण करने वाले को लेकर बनाया गया बाइपास मार्ग भी दो दिन पहले बहकर चला गया। इससे थोबावाड़ा गांव का संपर्क पूर्ण रूप से टूट चुका है। ऐसे में आमजन, स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों और गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं, ग्रामीण जान जोखिम में डालकर बहते पानी में उतरकर एक तरफ से दूसरी तरफ जाने को मजबूर है। ऐसे में कभी भी अनहोनी होने की संभावना बनी हुई है। गौरतलब है कि ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूर्व में भी कई बार प्रशासन व ठेकेदार को इस सम्बंध में चेताया था, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने ओड़ा थोबावाड़ा से वाया झांझर की पाल, मेलानिया से जाने वाला मार्ग जो क्षतिग्रस्त हो रहा है, उस पर ग्रेवल डालकर पूर्ण रूप से ठीक करने की मांग की है, जिससे उस मार्ग के माध्यम से आवागमन हो सके। ओड़ा-थोबाबाडा मुख्य मार्ग के बीच निर्माणाधीन पुलिया का कार्य समय पर नहीं होने से साइड से निकाली गई पुलिया पहली नदी में ही ध्वस्त हो गया है। इसके चलते ग्रामीणों का उपखंड मुख्यालय से कनेक्शन टूट गया है। ग्रामीण पार्सल, दूध, गैस की टंकी के लिए इस तरह अपनी जान जोखिम में डाल कर कार्य करने को मजबूर है।

#### इनका कहना है

ओड़ा-थोबावाड़ा के बीच बन रहा पुलिया समय पर पूरा न होने के कारण नदी में बाइपास मार्ग निकाला था, परंतु बरसात के कारण बह गया। जिस कारण क्षेत्र के ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं जनजाति मंत्री को अवगत कराया है। वर्तमान में ओड़ामेलानिया होकर थोबावाड़ा जाने वाला मार्ग एक-दो जगह से क्षतिग्रस्त हो रहा है। उसे ठीक कर दिया जाए तो मार्ग पर सुचारू रूप से आवागमन हो सकेगा।

तखत सिंह
भाजपा मंडल अध्यक्ष, ओगणा

ओड़ा से मेलानिया होकर थोबावाड़ा जाने वाला मार्ग ठीक है। उस तरफ होकर वाहन जा सकते हैं। एक-दो जगह क्षतिग्रस्त है, उसे शीघ्र ठीक करा दिया जाएगा।

भूर सिंह मीणा
सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, झाड़ोल

# जर्जर भवनों में चल रहे 5 आंगनबाड़ी केंद्र, 100 से अधिक बच्चों की जान जोखिम में

## स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, लेकिन बीमारी फैलने का डर

संजीवनी टुडे



सराड़ी। ग्राम पंचायत सराड़ी के पांच गांव में आंगनवाड़ी चल रही है, जिसमें 100 से ज्यादा मासूम जर्जर दीवारों, टपकती छत और टूटी फर्श पर बैठकर अपने जीवन के प्रारंभिक विकास की शिक्षा ले रहे है। बारिश होते ही पूरे कमरे की दीवारों में सीलन, छत से पानी टपकता है। कभी कभी दीवार का प्लास्टर गिरने लगता है। टाइल्स वह फर्श टूटी हुई है। यहां चूहों से लेकर कई तरह के कीड़े-मकोड़े अंदर ही घूमते रहते हैं। इतनी सब परेशा नियों के बीच आंगनाड़ी चलाई जा रही हैं। कार्यक र्ताओं का कहना है कि टूटी फर्श उखड़ चुकी है। ऐसे में छोटे छोटे बच्चों को संभालना मुश्किल हो गया है। दरअसल यहां पानी कोटड़ा, सराड़ी व ढोलाकर की तीनों आंगनबा ड़ियों को जर्जर भवन से कुछ समय के लिए विद्यालय में एडजस्ट कर दी गई है। पानी कोटड़ा, सराड़ी व ढोलाकर की आंगन ड़ी कार्यकर्ता राधा सालवी, रूपी मेघवाल व सरसी बाई कई बार बेसिक मरम्मत करवाती है, लेकिन कुछ समय के बाद फिर से स्थिति जस की तस हो जाती है। यह अव्य स्था पिछले सात साल से बनी हुई है। कई बार शिकायतों के बाद भी बाल विकास परियोजना का इस तरह कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बताया कि पिछले 7-8 साल से हम शिकायत करते आ रहे हैं। हम हर माह लिखित में अर्जी देते हैं तथा ग्राम पंचायत की जनसुनवाई में भी कोई सुनवाई नहीं होती है। वर्तमान में किसी प्रकार का कोई वायरस नहीं है, लेकिन बरसात के इस मौसम में मच्छरों के पनपने तथा दीवारों की दरारों में पलने वाले सेंड-फ्लाई नामक मक्खी से वायरस फैलने की आशंका को लेकर पिछले दिनों स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक हुई। गांव के कई इलाकों में ऐसी दरारें, नालियों तथा संग्रहित पानी में कीटनाशक का छिड़काव भी किया गया। इधर, पानी कोटड़ा की आंगनबाड़ी की हालत को देखते हुए हर किसी का दिल पसीज जाता है। सड़क लेवल से ढाई फीट नीचे फर्श पर पानी,सीलन से मासूम बैठ भी नहीं पाते। सराड़ी मुख्य गांव आंगनबाड़ी में सांप, गोयरे एवं अन्य जहरीले जानवरों के निकलने से इस मौसम में आंगनबाड़ी को किसान भवन में शिफ्ट किया है, लेकिन वहां पर भी रासायनिक पदार्थ से मासूमों को दुर्गंध वातावरण में बैठना पड़ता है। हर गुरुवार को गर्भवती व धात्री महिलाओं का आना-जाना होता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। ढोलकाकर की आंगनवाड़ी भवन का उद्घाटन होने के बाद बालकों को यहां बैठता नसीब नहीं हुआ है। व्यक्ति विशेष की खातेदारी जमीन पर आंगनबाड़ी भवन बनाया गया है, लेकिन खातेदारी स्वयं आंगनबाड़ी भवन पर मालिकाना हाथ जमाए हुए हैं। इससे आंगनबाड़ी को ढोलकाकर विद्यालय के एक कमरे में मासूमों को बैठाया जा रहा है, जहां भी कमरे की छत क्षतिग्रस्त होने से कभी भी गिर सकती है। सराड़ी, पानी कोटड़ा व ढोलकाकर की आंगनबाड़ियां तीनों जर्जर अवस्था में होने से पंचायत के लेटर पैड पर संबंधित विभाग बाल विकास परियोजना को हमने कई बार अवगत कराया। जनसुनवाई, प्रशासन आपके द्वार व अन्य सभी शिविरों में लिखित दिया, लेकिन किसी ने हमारी इस समस्या पर किसी का ध्यान नहीं गया। आंगनबाड़ी जर्जर अवस्था में होने से इसे वापस नए भवन की स्वीकृति प्रदान करवा कर निर्माण करवा सकते हैं। यदि इसकी मरम्मत करवानी होती तो हम पंचायत के बजट से करवा सकते थे, लेकिन ऐसी स्थिति भी नहीं है, जिसे हम मरम्मत करवा सकें।

ग्राम पंचायत सराड़ी गंगाराम भील,
सरपंच,

# मैराथन से हुआ खेल सप्ताह का आगाज





संजीवनी टुडे

सराडा।मैराथन से खेल सप्ताह का आगाज हुआ।डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र एवं शिक्षा विभाग के सयुक्त तत्वाधान में फिट इण्डिया के तहत खेल सप्ताह का शुभारम्भ हुआ।लगभग 70 बालक/बालिकाओ ने बारिश की रिमझिम में अपना दमखम दिखाया। खेल सप्ताह के नोडल आफिसर मनीष पटेल ने बताया कि मेराथन के सभी धावक सलुम्बर एवं आसपास के थे। अच्छी धावको का सम्मान भी किया गया।इस प्रतियोगिता के अतिथि कुशाग्र जैन प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. सलुम्बर,परितोष शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी झल्लारा,पुष्कर पटेल पुलिस विभाग से थे।अतिथियो ने सभी धावको को शपथ दिलाई एवं प्रथम द्वितीय तृतीय आने वालो को मेडल पहनाकर सम्मान किया।सह नोडल अधिकारी विमल चौबीसा ने पूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया। मंगलवार को विभिन्न वेश-भुषा में परम्परागत खेलो का आयोजन - सतौलिया,रस्सा कस्सी,रूमाल झप्पटा (बालिका वर्ग),गिल्ली डण्डा एवं प्लेक खेलो का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में स्थानीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियो को आमनत्रित किया जायेगा साथ ही समसामयिक खेल स्वदेशी खेल की गतिविधिया भी की जायेगी।प्रतिभागी टीमो के नाम स्वतन्त्रता सेनानी/देश के प्रतिष्ठित खिलाडियो के नाम पर रखे जायेगे। सभी प्रतिभागी खिलाडियो को गाईडलाईन के अनुसार फिट इण्डिया की शपथ दिलाई जायेगी।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

# भारतीय हॉकी की रानी हैं रानी रामपाल, कड़ी मेहनत से पहुँची हैं शीर्ष तक



भारतीय हॉकी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब महिला हॉकी टीम की किसी खिलाड़ी को खेल जगत का सर्वोच्च सम्मान 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' दिया जाएगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल यह सम्मान पाने वाली देश की पहली हॉकी खिलाड़ी बन गई हैं। रानी से पहले हॉकी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए केवल दो हॉकी खिलाड़ियों 1999-2000 में धनराज पिल्लै को तथा 2017 में सरदार सिंह को ही यह सम्मान मिला है। इस दृष्टिकोण से रानी को बतौर कप्तान और खिलाड़ी के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिला यह सर्वोच्च सम्मान उनके लिए बहुत मायने रखता है। रानी इस समय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा ले रही हैं। इस सम्मान के लिए चयन होने पर उनका कहना है कि खेल जगत के इस सबसे प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयन होना उनके और विशेषकर उनके परिवार के लिए गर्व का पल है क्योंकि जब आपकी मेहनत को सम्मान मिलता है तो शानदार अहसास होता है। वह कहती हैं कि यह सम्मान उनके लिए और उन जैसे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम करेगा ताकि वे बड़ी उपलब्धियां हासिल कर देश को गौरवान्वित कर सकें।

4 दिसम्बर 1994 को हरियाणा के शाहबाद मारकंडा में एक गरीब परिवार में जन्मी रानी के पिता रामपाल घोड़ा गाड़ी चलाकर और ईंटे बेचकर परिवार का गुजारा किया करते थे और दिनभर में बड़ी मुश्किल से केवल सौ रुपये तक ही कमा पाते थे। रानी जब करीब छह साल की उम्र में स्कूल के रास्ते में खेल के मैदान में लड़कों को हॉकी खेलते देखती थी तो उनका भी हॉकी खेलने का मन करता था। एक दिन उन्होंने अपने पिता से जब अपने मन की बात कही कि वह भी हॉकी खेलना चाहती है तो पिता ने मना कर दिया। दरअसल उस समय लड़कियों का हॉकी खेलना समाज में काफी अजीब समझा जाता था और माना जाता था कि खेलों में लड़कियों का कैरियर कभी नहीं बन सकता। फिर भी जब रानी ने मन ही मन दृढ़ निश्चय कर लिया और अपनी जिद पर अड़ी रही तो आखिरकार उनके पिता उसकी जिद के आगे झुक गए। हालांकि रिश्तेदारों और समाज के लोगों ने इस फैसले का विरोध किया लेकिन रानी के पिता ने किसी की नहीं सुनी। जब रानी शाहबाद हॉकी अकादमी में दाखिला लेने पहुंची तो पहले तो गुरु द्रोणाचार्य अवार्डी कोच बलदेव सिंह ने उन्हें दाखिला देने से इन्कार कर दिया था लेकिन जब उन्होंने उसका खेल देखा तो अकादमी में दाखिला देने को राजी हो गए। परिवार की आर्थिक हालत अच्छी नहीं थी और उनके पास कोचिंग के लिए भी पैसे नहीं थे, इसलिए रानी ने कई बार हॉकी की कोचिंग छोड़ने के बारे में सोचा लेकिन उनके कोच बलदेव सिंह तथा दूसरे सीनियर खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग के लिए उनका पूरा सहयोग किया। बलदेव सिंह ने ही रानी के लिए हॉकी किट तथा जूते खरीदे और चंडीगढ़ में ट्रेनिंग के दौरान अपने घर में ही उनके रहने की व्यवस्था की। रानी बताती हैं कि वह केवल यही सोचकर बहुत मेहनत से प्रैक्टिस करती थी कि कच्चे घर में रहने वाले अपने परिवार के लिए एक दिन पक्का मकान बनवा सकेगी। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और 15 साल की उम्र में उन्हें भारतीय हॉकी टीम में खेलने का अवसर मिल गया। सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी के रूप में विश्व कप में भाग लेने वाली रानी टूर्नामेंट की शीर्ष फील्ड गोल स्कोरर रही और उन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया था। जून 2009 में रूस के कजान में चैम्पियंस चैलेंज टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में चार गोल कर भारत को जीत दिलाने वाली रानी को 'द टॉप गोल स्कोरर' और 'द यंगेस्ट प्लेयर' घोषित किया गया था। नवम्बर 2009 में एशिया कप में रजत पदक के साथ विजेता रही टीम इंडिया की जीत में भी रानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 2009 से लेकर अब तक के इन 11 वर्षों में रानी 200 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलकर कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए बहुत सारे नए रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं। 2010 के एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें एशियन हॉकी फ़ेडरेशन द्वारा अपनी ऑल स्टार टीम में शामिल किया गया था। अपने अभी तक के कैरियर में वह 240 से अधिक मैच खेल चुकी हैं और उन्होंने कुल 118 गोल किए हैं। 2016 के रियो ओलम्पिक में वह भारतीय महिला हॉकी टीम का अहम हिस्सा थी। 2018 में हुए एशियाई खेलों से पहले वह टीम इंडिया की कप्तान बनी और उनकी कप्तानी में टीम ने महिला एशियाई कप 2017 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के अलावा 2018 के एशियाई खेलों में रजत पदक भी जीता। उनकी कप्तानी में गत वर्ष भारत ने एफआईएच सीरीज का फाइनल मुकाबला जीतकर टोक्यो ओलम्पिक के लिए क्वालीफाई किया था। उस मुकाबले को जीतने में रानी के निर्णायक गोल ने बहुत अहम भूमिका निभाई थी।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।




**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# खजुराहो के स्मारक समूह भारतीय मूर्तिकला का चमोत्कर्ष

स्थापत्य एवं मूर्तिकला में बेमिसाल खजुराहो के मंदिरों में भारतीय शिल्प कला का असीम खजाना छुपा हुआ है। कई समूहों में स्थित है मंदिरों की अनमोल धरोहर। नागर शैली में निर्मित चंदेल शासकों की कलात्मक अभिरुचि की महान अभिव्यक्ति के उत्कृष्टतम मंदिरों का निर्माण करीब 900 ई. से 1150 ई. के मध्य माना जाता हैं। मंदिरों का महत्व इसी से प्रतिपादित होता हैं कि वर्ष 1986 ई. में यूनेस्को की विश्व विरासत में इन्हें शामिल कर विश्व धरोहर घोषित किया गया। खजुराहो के मंदिरों को जान ने का सिलसिला हम पश्चिम मंदिर समूह परिसर से करते हैं जहाँ एक विशाल उद्यान में ऊंचे शिखर वाले अनेक मंदिर जो ऊँचे चबूतरों पर बने हैं। पिरामिड शैली में बन मंतगेश्वर सबसे प्राचीन मंदिर है जिस के गर्भगृह में करीब एक मीटर व्यास का ढाई मीटर ऊंचा शिवलिंग देखते ही बनता है। इसे 920 ई. में राजा हर्षवर्मन ने बनवाया था। समीप पंचायतन शैली के विशाल लक्ष्मण मंदिर के चारों कोनों पर एक - एक उप मंदिर बने हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर रथ पर सवार सूर्यदेव नजर आते हैं। मंदिर की बाह्य दीवारों पर असंख्य मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। मूर्तियों की भाव. भंगिमाएं एवं सुंदरता देखते ही बनती है। तीन कतारों में प्रमुख मूर्तियों की श्रृंखला है। कुछ कतारें छोटी मूर्तियों की हैं। मध्य ताखों में देव प्रतिमाएं हैं। नृत्यए संगीत, युद्ध, शिकार आदि प्रतिमाओं में तत्कालीन जीवन के दर्शन होते हैं। अन्य मूर्तियों में विष्णु, शिव, अग्निदेव, गंधर्वए सुर. सुंदरी, देवदासी, तांत्रिक, पुरोहित, और काम कला की प्रतिमाये हैं। गर्भगृह में भगवान विष्णु की त्रिमूर्ति प्रतिमा विराजित है। अंदर की दीवारों पर भी मूर्तियों का खजाना हैं। मंदिर के चबूतरे पर भी विविध विषयों के साथ सामूहिक मैंथुन की मूर्तियां अद्भुत शिल्प लिये हैं। मंदिर के सामने लक्ष्मी मंदिर एवं वराह मंदिर बने हैं। पास में ही कंदारिया महादेव का मंदिर सभी मंदिरों से अलग है जो काम शिक्षा के लिए मशहूर है। मंदिर की बनावट और अलंकरण भी अत्यंत वैभवशाली है और मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर का प्रवेश द्वार 9 शाखाओं से युक्त है जिन पर कमल ,पुष्प, नृत्यमग्न अप्सराएं तथा व्याल आदि बने हैं। सरदल पर शिव की चारमुखी प्रतिमा बनी है। इसके पास ही ब्रह्मा एवं विष्णु भी विराजमान हैं। गर्भगृह में संगमरमर का विशाल शिवलिंग स्थापित है। मंडप की छतों पर भी पाषाण कला के सुंदर चित्र बने हुए हैं।बाह्य दीवारों पर सुर. सुंदरी नर. किन्नर, देवी. देवता व प्रेमी. युगल आदि सुंदर रूपों में अंकित हैं। मध्य की दीवारों पर कुछ अनोखे मैथुन दृश्य चित्रित हैं। एक स्थान पर ऊपर से नीचे की ओर एक क्रम में बनी तीन मूर्तियां कामसूत्र की अनुकृति कही जाती हैं। इसमें मैथुन क्रिया के आरंभ में आलिंगन व चुंबन के जरिए पूर्ण उत्तेजना प्राप्त करने का महत्व दर्शाया गया है। एक अन्य दृश्य में



### विचार बिन्दु

**पश्चिमी मंदिर समूह के विपरीत स्थित भारतीय पुरातत्व विभाग के संग्रहालय में शैव, वैष्णव, जैन और अन्य प्रतिमाओं का विशाल संग्रह देखा जा सकता है। इसमें विष्णु की प्रतिमा को मुंह पर अंगुली रखे चुप रहने के भाव के साथ दिखाया गया है। संग्रहालय में चार पैरों वाले शिव की भी एक सुन्दर मूर्ति है। जैन संग्रहालय में लगभग 100 जैन मूर्तियां हैं। ट्राईबल और फॉक के राज्य संग्रहालय में जनजाति समूहों द्वारा निर्मित पक्की मिट्टी की कलाकृतियांए धातु शिल्प, लकड़ी शिल्पए पेंटिंग, आभूषणए मुखौटों और टेटुओं को दर्शाया गया है।**



डॉ. प्रभात कुमार सिंघल

एक पुरुष शीर्षासन की मुद्रा में 3 स्त्रियों के साथ रतिरत नजर आता है। विशालतम मंदिर की बाह्य दीवारों पर कुल 646 मूर्तियां हैं तो अंदर भी 226 मूर्तियां जड़ी हैं। इतनी मूर्तियां शायद अन्य किसी मंदिर में नहीं हैं। सप्तरथ शैली में बना यह मंदिर सबसे विशाल करीब 117 फुट लंबाए 66 फुट चैडा एवं 117 फुट ऊंचा है । इस मंदिर का निर्माण राजा विद्याधर ने मोहम्मद गजनवी को दूसरी बार परास्त करने के बाद 1065 ई. के आसपास करवाया था।

शिव को समर्पित विश्वनाथ मंदिर की सीढ़ियों के आगे दो शेर और हाथी बने हैं। मंदिरों में देव प्रतिमाएँ अष्टदिकपाल, नाग कन्याएं, अप्सराएं , राजसभा, रासलीला, विवाह, उत्सव, वीणा बजाते नायिका एवं पैर से कांटा निकलती अप्सरा आदि मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। आलों में चामुंडा, कौमारी, वैष्णवी, वराही महेश्वरी, नटराज आदि मूर्तियां हैं। यह मंदिर 90 फुट ऊंचा और 45 फुट चैडा है। इस मंदिर का निर्माण 1002 ई. में राजा धंगदेव द्वारा करवाया गया था। प्रमुख मंदिर के सामने चैकोर मंडप में शिव के वाहन नंदी की 6 फुट ऊँची दर्शनीय प्रतिमा है। इससे पहले पार्वती का एक नवनिर्मित मंदिर है। यहां स्थित प्राचीन मंदिर खंडित हो चुका था। छतरपुर के महाराजा ने 1880 के आसपास वर्तमान मंदिर बनवाकर उसमें पार्वती की प्रतिमा की स्थापना की। विश्वनाथ मंदिर के आगे चित्रगुप्त मंदिर सूर्यनारायण को समर्पित है। मंदिर की दीवारों पर अन्य मूर्तियों के मध्य उमा-महेश्वर,लक्ष्मी नारायण और विष्णु के विराट रूप में मूर्तियां भी हैं। जनजीवन की मूर्तियों में पाषाण ले जाते श्रमिकों की मूर्तियां मंदिर निर्माण के दौर को दर्शाती हैं। मुख्य प्रतिमाओं के मध्य व्याल व शार्दूल नामक पशुओं की प्रतिमाएं हैं जो हर मंदिर पर बनी हैं। चित्रगुप्त मंदिर की दीवारों पर नायक-नायिका को आलिंगन के विभिन्न रूपों में उत्कीर्ण किया गया है। गर्भगृह में 7 घोड़ों के रथ पर सवार भगवान सूर्य की प्रतिमा विराजमान है। निकट ही हाथ में लेखनी लिए चित्रगुप्त बैठे हैं। चित्रगुप्त मंदिर से कुछ आगे जगदंबी मंदिर है। मूलत यह मंदिर विष्णु को समर्पित था लेकिन मंदिर में कोई प्रतिमा नहीं है। छतरपुर के महाराजा ने जब इन मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया तब यहां जगदंबा की प्रतिमा स्थापित की गई। खंडित अवस्था में मंदिर कर प्रवेश द्वार पर एक मूर्ति में राजा चंद्रवर्मन को सिंह से लड़ते दर्शाया गया है। यह दृश्य चंदेलों का राजकीय चिह्न बन गया था।इसका निर्माण राजा घँगदेव ने 1025 ई. में करवाया था।

खजुराहो गांव से कुछ दूरी पर स्थित पूर्वी मंदिर समूह में 4 जैन तथा 3 हिन्दू मंदिर हैं। हिन्दू मंदिरों में पहला पिरामिड शैली में बना छोटा सा ब्रह्मा मंदिर है। ब्रह्मा की प्रतिमा के साथ यहां भगवान विष्णु और शिव भी उपस्थित हैं। मंदिर में एक शिवलिंग भी है। ब्रह्मा मंदिर से करीब 300 मीटर की दूरी पर वामन मंदिर है। यह मंदिर 11वीं सदी के उत्तरार्द्ध में बना माना जाता है। इस मंदिर की दीवारों पर प्रेमी युगलों के कुछ आलिंगन दृश्यों को छोड़ ज्यादातर एकल प्रतिमाएं हैं। शिव. विवाह का खूबसूरत उत्कीर्ण भी यहाँ देखने को मिलता है। वामन मंदिर से थोड़ा. सा आगे चलने पर आता है जवारी मंदिर है। भगवान विष्णु को समर्पित इस मंदिर में उनके बैकुंठ रूप में दर्शन होते हैं। मंदिर की बाहरी दीवारों की मूर्तियां में अनेक मैथुन दृश्य भी हैं। जैन मंदिरों में घंटाई मंदिर भग्न स्थिति में है। एक मंडप के रूप में दिखने वाले इस मंदिर के स्तंभों पर घंटियों का सुंदर अलंकरण है। प्रवेश द्वार पर देवी-देवताओं की प्रतिमाएं हैं जबकि गर्भगृह के द्वार पर शासन देवी चक्रेश्वरी की गरूड़ पर आरूढ़ प्रतिमा है। शेष तीनों जैन मंदिर कुछ दूर एक परिसर में स्थित हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है पार्श्वनाथ मंदिर है जिसकी बाहरी दीवारों पर तीर्थंकर प्रतिमाएं बनी हैं। इनके साथ कुबेर, द्वारपाल, गजारूढ़ या अखारूढ़ जैन शासन देवताओं का सुंदर अंकन भी है। यहां मूर्तियों की पंक्तियों में गंधर्व,किन्नर, विद्याधर शासन देवी. देवताए यक्ष मिथुन व अप्सराएं शामिल हैं। इनमें काजल लगाती नायिका तथा शिशु पर वात्सल्य छलकाती माता की मूर्तियां मोहक हैं। मंदिर के तोरण में तीर्थंकर माता के 16 स्वप्नों का सुंदर चित्रण है और गर्भगृह में आदिनाथजी की प्रतिमाये हैं। मंदिर का निर्माण राजा घंगदेव के समय एक नगर सेठ ने करवाया था। दक्षिणी मंदिर समूह में दूल्हादेव मंदिर शिव को समर्पित है। मंदिर के अंदर एक विशाल शिवलिंग पर शहत्रमुखी छोटे-छोटे शिवलिंग बने हैं। यह 12वीं शताब्दी में निर्मित चंदेल राजाओं की अंतिम धरोहर है। दूल्हादेव मंदिर से कुछ दूर चतुर्भुज मंदिर एक साधारण चबूतरे पर बना है। इस मंदिर की दीवारों पर बनी मूर्तियों में दिग्पाल, अष्टवसु, अप्सराएं और व्याल प्रमुख हैं। मंदिर के गर्भगृह में शिव की सौम्य प्रतिमा है।

# अखण्ड सौभाग्य प्रदान करता है हरितालिका तीज व्रत, जानें व्रत के नियम और पूजन विधि

सर्वप्रथम हरितालिका तीज के व्रत को माता पार्वती ने भगवान शिव शंकर के लिए रखा था। इस दिन विशेष रूप से गौरी?शंकर का ही पूजन किया जाता है। इस दिन व्रत करने वाली स्त्रियां सूर्योदय से पूर्व ही उठ जाती हैं और नहा धोकर पूरा श्रृंगार करती हैं। भाद्रपद शुक्ल तृतीया को हरितालिका तीज मनाई जाती है। इस वर्ष यह त्योहार 21 अगस्त को मनाया जायेगा। शास्त्रों में कहा गया है कि हरितालिका तीज सभी तीजों में सबसे बड़ी होती है। शास्त्रों में यह भी उल्लेख मिलता है कि हरितालिका तीज व्रत वैधव्य दोष नाशक है। इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान श्री शिव शंकर जी के लिए रखा था। हरितालिका तीज के बारे में यह भी कहा जाता है कि यह व्रत पति को लंबी आयु और आरोग्य प्रदान करता है।

विशेषकर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और बिहार में मनाया जाने वाला हरितालिका तीज का यह त्योहार करवा चौथ से भी कठिन माना जाता है क्योंकि जहां करवा चौथ में चांद देखने के बाद व्रत तोड़ दिया जाता है वहीं इस व्रत में पूरे दिन निर्जल व्रत किया जाता है और अगले दिन पूजन के पश्चात ही व्रत तोड़ा जाता है। इस व्रत से जुड़ी एक मान्यता यह है कि इस व्रत को करने वाली स्त्रियां पार्वती जी के समान ही सुखपूर्वक पतिरमण करके शिवलोक को जाती हैं। सौभाग्यवती स्त्रियां अपने सुहाग को अखण्ड बनाए रखने और अविवाहित युवतियां मन मुताबिक वर पाने के लिए हरितालिका तीज का व्रत करती हैं। सर्वप्रथम इस व्रत को माता पार्वती ने भगवान शिव शंकर के लिए रखा था। इस दिन विशेष रूप से गौरी?शंकर का ही पूजन किया जाता है। इस दिन व्रत करने वाली स्त्रियां सूर्योदय से पूर्व ही उठ जाती हैं और नहा धोकर पूरा श्रृंगार करती हैं। हरितालिका तीज पर पूजन के लिए केले के पत्तों से मंडप बनाकर गौरी?शंकर की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके साथ ही भगवान गणेश की स्थापना कर चंदन, अक्षत, धूप दीप, फल फूल आदि से षोडशोपचार पूजन किया जाता है और पार्वती जी को सुहाग का सारा सामान चढ़ाया जाता है तथा भगवान शिव को बेल पत्र चढ़ाये जाते हैं। रात में भजन, कीर्तन करते हुए जागरण कर तीन बार आरती की जाती है और शिव पार्वती विवाह की कथा सुनी जाती है। इस दिन जहां विवाहित महिलाएं भगवान शिव से प्रार्थना करती हैं कि मेरे पति दीर्घायु हों और मेरा सुगाह अटल हो वहीं कुंवारी कन्याएं भगवान शिव से विनम्र प्रार्थना करती हुई वर मांगती हैं कि उनका होने वाला पति सुंदर और सुयोग्य हो। आरती के बाद भगवान को मेवा तथा मिष्ठान्न का भोग लगाया जाता है। इसके बाद अगले दिन सुहाग के सामान में से कुछ चीजें ब्राह्मण की पत्नी को दान दे दी जाती हैं और बाकी वस्तुएं व्रती स्त्रियां खुद रखती हैं। इस प्रकार चतुर्थी को स्नान के बाद पूजा कर सूर्योदय के बाद वे पारण कर व्रत तोड़ती हैं। स्त्रियों को व्रत के दिन सायं को शिव-पार्वती की कथा अवश्य सुननी चाहिए। एक बार भगवान शंकर माता पार्वती से बोले कि तुमने पर्वतराज हिमालय पर स्थित गंगा के तट पर अपनी बाल्यावस्था में बारह वर्षों तक घोर तपस्या की थी। तुम्हारी इस तपस्या को देखकर तुम्हारे पिता दुःखी थे कि एक दिन नारदजी तुम्हारे घर पधारे। तुम्हारे पिता ने नारदजी का सत्कार करने के बाद उनसे आने का प्रयोजन पूछा तो उन्होंने बताया कि वह भगवान विष्णु के आदेश पर यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि आपकी कन्या ने कठोर तप किया है और उससे प्रसन्न होकर वह आपकी कन्या से विवाह करना चाहते हैं। इस बारे में मैं आपकी राय जानने आया हूं। नारदजी की बात सुनकर गिरिराज खुश हो गये और उनको लगा कि सारी चिंताएं दूर हो गईं।




## 27 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1604 अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना की गई।

1781 हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।

1939 जेट इंधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।

1870 भारत के पहले मज़दूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।

1976 भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुई।

1979 आयरलैंड के समीप एक नौका विस्फोट हुआ।

1985 नाइजीरिया में सैनिक क्रान्ति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरकार का तख्ता पलटा गया तथा जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने।

1990 वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित कर दिया।

1991 मालदोवा ने सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की।

1999 सोनाली बनर्जी भारत की प्रथम महिला मैरिन इंजनियर बनीं। भारत ने कारगिल संघर्ष के दौरान अपने यहाँ बंदी बनाये गये पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा किया।

2003 60 हजार वर्षों के अंतराल के बाद मंगल पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंचा।

# हर क़ौम कह रही है,हमारे हुसैन हैं

### विचार बिन्दु



निर्मल रानी

**यह भी तारीख़ के पन्नों में दर्ज है कि इमाम हुसैन ने यज़ीद के सामने लड़ाई टालने के लिए एक प्रस्ताव यह भी रखा था कि वह उन्हें 'हिन्द' जाने दें।**

समूचा विश्व इन दिनों शहीद-ए-करबला हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को याद कर रहा है। बावजूद इसके कि कोरोना महामारी ने लगभग पूरी दुनिया को अपने शिकंजे में जकड़ा हुआ है,इसके बावजूद दुनिया के करोड़ों घरों,इमामबारगाहों व हज़रत इमाम हुसैन के चाहने वालों के आस्तानों से या हुसैन,या हुसैन की आवाज़ें बुलंद हो रही हैं। 30 अगस्त को पूरी दुनिया आशूर (दसवीं मुहर्रम) के उस दिन को याद करेगी जब हज़रत इमाम हुसैन ने 680 ईस्वी में अपने परिवार व सहयोगियों की मात्र 72 सदस्यों की छोटी सी टोली के साथ लाखों की फ़ौज वाले क्रूर यज़ीदी लश्कर से मुक़ाबला करते हुए अपने पूरे परिवार को क़ुर्बान कर दिया था। उस समय यज़ीद इब्ने मुआविया स्वयं को मुसलमान कहने वाला सीरिया का एक ऐसा शासक था जो दुष्ट,दुश्चरित्र,क्रूर तथा अहंकारी था। यज़ीद उस समय के इमाम तथा हज़रत मोहम्मद के नवासे व हज़रत अली के बेटे हज़रत इमाम हुसैन से अपने सीरियाई शासन की इस्लामिक मान्यता हासिल करना चाहता था। परन्तु उसका जीवन चरित्र क़त्ई ऐसा नहीं था जिससे उसे मुस्लिम शासक तो क्या साधारण मुसलमान भी कहा जा सके। लिहाज़ा हज़रत हुसैन ने उसके राज्य को इस्लामी राज्य स्वीकार करना गवारा नहीं किया। जिसकी परिणिति करबला की दर्दनाक घटना के रूप में सामने आई।

दुनिया में विभिन्न धर्मों में सद्मार्ग पर चलने वाले अनेक ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने असत्य, अन्याय, अहंकार तथा क्रूरता के आगे घुटने नहीं टेके। प्रायः इसके बदले में उन्हें कड़ी परीक्षा के दौर से ही गुज़ारना पड़ा है।अनेक महापुरुषों,संतों व फ़क़ीरों को अपनी व अपने परिवार की क़ुर्बानी भी देनी पड़ी है। भारत भी अनेक मुग़ल शासकों व अंग्रेज़ों की क्रूरता व अत्याचार की ऐसी अनेक दास्तानों का चश्मदीद रहा है। आज भी भारतीय समाज का विभिन्न वर्ग अपने अपने वर्ग व समाज से जुड़े अनेक शहीदों को पूरी श्रद्धा के साथ समय समय पर याद करता है। इमाम हुसैन भी एक ऐसे शहीद का नाम है जिस पर करबला में यज़ीदी सेना द्वारा इतना ज़ुल्म-ो- सितम ढाया गया जिसकी कोई दूसरी मिसाल अब तक नहीं मिलती। करबला में छह महीने के बच्चे से लेकर 80 वर्ष के बुज़ुर्ग तक ने अपनी शहादत पेश की। कारण सिर्फ़ यही था कि हुसैन चाहते थे कि उनके नाना हज़रत मोहम्मद द्वारा संचालित किया गया इस्लाम धर्म किसी ऐसे अधार्मिक व दुष्ट व बदचलन व्यक्ति के हाथों में न जाने पाए ताकि आने वाले समय में इतिहास यह न लिखे कि हुसैन के रहते हुए यज़ीद जैसा बदचलन व बदकिरदार कोई व्यक्ति भी किसी 'इस्लामी देश' का मान्यता प्राप्त 'इस्लामी बादशाह' रह चुका है।

उसी शहीद-ए-करबला की याद में यदि भारत वर्ष में ही देखें तो देश की कई हिन्दू रियासतों में मुहर्रम के अवसर पर ताज़ियादारी की जाती रही है तथा मुहर्रम संबंधी कई आयोजन किये जाते रहे हैं। मुंशी प्रेम चंद ने करबला नामक कहानी लिख कर इराक़ के करबला में बहने वाली फ़ुरात नदी व भारत की गंगा नदी के बीच संवाद का वह दर्दनाक दृश्य प्रस्तुत किया है जिसे पढ़कर किसी की भी आँखें नाम हुए बिना नहीं रह सकतीं। कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर'जैसे कई प्रसिद्ध ग़ैर मुस्लिम शायरों ने हज़रत हुसैन व करबला की दास्तान पर अनेक कलाम कहकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। आज भी जहाँ कहीं करबला के इस शहीद का ताज़िया,अलम (निशान) ताबूत या उनकी याद में दुलदुल आदि निकलता है तो पारंपरिक रूप से तमाम ग़ैर मुस्लिम सदस्य जिनमें औरतें,बच्चे बुज़ुर्ग सभी शामिल होते हैं,हुसैन की याद दिलाने वाली इन निशानियों पर फूल चढ़ाते हैं,इनके समक्ष नत मस्तक होते हैं तथा तरह तरह की मन्नतें व मुरादें मांगते हैं। बिहार के दरभंगा में सैकड़ों वर्षों से मुहर्रम के मातमी जुलूस के साथ साथ हिन्दू समाज के लोग अपने अंदाज़ से मैथिली भाषा में मर्सिया रुपी 'झरनी' पढ़ते हैं। लखनऊ में एक प्रसिद्ध संत स्वामी नारंग जी महाराज लगभग प्रत्येक वर्ष मुहर्रम के जुलूस में ज़ंजीरी मातम कर हज़रत हुसैन को अपनी रक्तांजलि भेंट करते हैं। न जाने कितने ग़ैर मुस्लिम कवि हुसैन व करबला पर आधारित सलाम व नौहा लिखते हैं तथा ग़ैर मुस्लिम नौहा ख़्वान इन कलामों को बड़े गर्व के साथ सार्वजनिक स्थानों पर प्रस्तुत करते हैं। वैसे भारत के साथ हज़रत इमाम हुसैन के वह ऐतिहासिक रिश्ते हैं जिन्हें रहती दुनिया तक मिटाया नहीं जा सकता। कश्मीर के मोइयाल ब्राह्मणों द्वारा करबला के मैदान में उनकी सहायता के लिए पहुँचना एक ऐतिहासिक व प्रमाणिक तथ्य तो है ही।

# अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ाना है तो खाएं ये 7 चीजें

**एचडीएल यानी अच्छा कोलेस्ट्रॉल। जितना ज्यादा एचडीएल, उतना ही स्वस्थ दिल। इसका कम होना मोटापे व हृदय रोगों की आशंका को बढ़ा देता है। एचडीएल में सुधार करना है तो स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देना जरूरी है।**



## पैदल चलें

पैदल चलना, जॉगिंग करना या साइकिल चलाना कोई भी ऐसा व्यायाम करें, जिससे आपकी हृदयगति तेज हो। एक दिन में व्यायाम के लिए 45 मिनट का समय निकालें। कैसा व्यायाम करते हैं, उसके साथ यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि कितनी देर व्यायाम करते हैं।

## वजन रखें नियंत्रित

अगर वजन अधिक है तो वजन कम करने पर जोर दें। खासकर पेट के निचले हिस्से में जमा वसा को कम करने पर ध्यान दें। महिलाओं में 80 सेमी. और पुरुषों में 90 सेमी. से अधिक कमर का होना संकेत है कि वजन कम करना जरूरी है।

## धूम्रपान न करें

धूम्रपान का सेवन शरीर में एलडीएल यानी हानिकारक कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। एचडीएल काफी कम है तो धूम्रपान छोड़ना जरूरी होगा। तंबाकू उत्पादों का सेवन न करना एचडीएल के स्तर में सुधार करता है।

## अच्छी वसा पर ध्यान दें

ट्रांस फैटी एसिड को पूरी तरह ना कहें। हाइड्रोजेनेटेड वनस्पति तेल भी कम खाएं। बाजार में बिकने वाले बिस्कुट व बेकरी प्रोडक्ट, पीनट बटर और बाजार में बिकने वाली तली चीजों में इसका इस्तेमाल होता है।

इसकी जगह मोनोसेचुरेटेड फैट्स खाएं। इसमें सरसों का तेल, जैतून का तेल, मूंगफली का तेल, एवोकाडो व कैनोला ऑयल आदि को शामिल किया जाता है। घर में खाना बनाते समय इन तेलों को कुछ समय पर बदलते रहें। हफ्ते में दो या तीन बार मछली खाना ओमेगा-3 फैट्स के स्तर को बढ़ा देता है। बादाम, अखरोट, पिस्ता के अलावा सीताफल, तरबूज, मेथी, अलसी आदि के बीज खाना भी अच्छा रहता है।

## फाइबर खाएं

ओट्स व चोकर समेत अन्य साबुत अनाज, सेब, अंगूर, खट्टे फल, सब्जियां, बींस और मेथी दाने में भरपूर फाइबर होता है। अच्छे नतीजों के लिए एक दिन में दो से तीन चीजों को अवश्य शामिल करें।

## सोयाबीन भी कर सकते हैं शामिल

हालांकि इस संबंध में अभी भी बहस जारी है और शोध कार्य चल रहे हैं, लेकिन कुछ शोधों के अनुसार एक दिन में 25 ग्राम सोया प्रोटीन लेना एचडीएल के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है।

## डेयरी प्रोडक्ट्स भी लें

कई बार वजन कम करने की प्रक्रिया में डॉक्टर पूरी तरह डेयरी उत्पादों को खाने के लिए मना करते हैं।

ऐसा दूध में उच्च वसा की मौजूदगी के कारण होता है।

पर शोध कहते हैं कि गाय के दूध में मौजूद कुछ तत्व हानिकर कोलेस्ट्रॉल एलडीएल व ट्रीग्लिसराइड्स को कम करने में मदद करते हैं। स्किम्ड मिल्क और टोंड दूध लेना अच्छे विकल्प हैं।

# खराब पोषण तो घेर लेगी बीमारियां



## खून की कमी

एनीमियाग्रस्त व्यक्ति को खून की कमी होती है। यह तब होता है जब शरीर में रक्त के लाल कणों या कोशिकाओं के नष्ट होने की दर, अनके निर्माण की दर से अधिक होती है। चूँकि महिलाएं प्रतिमास आपनी माहवारी के माध्यम से खून गंवाती है, इसलिए किशोरावस्था तथा रजोनिवृति के बीच की आयु की महिलाओं को एनीमिया सबसे अधिक होता है। संसार की गर्भवती महिलाओं में से 50% से भी अधिक एनीमिया से पीड़ित होती हैं क्योंकि उन्हें गर्भ में बढ़ते हुए शिशु के लिए भी रक्त निर्माण करना पड़ता है। एनीमिया एक गंभीर बीमारी है। इसके कारण महिला को अन्य बीमरियों होने की संभावना भी बढ़ जाती है। यह महिला की कार्यक्षमता व सीखने की क्षमता पर भी बुरा प्रभाव डालती है। एनिमियाग्रस्त महिलाओं की प्रसव के दौरान रक्त स्त्राव तथा मरने की संभवना काफी अधिक होती है।

**लक्षण:** त्वचा का सफ़ेद दिखाना, जीभ, नाखूनों व पलकों के अंदर सफेदी (रक्तहीनता) का आभास होना। चक्कर आना विशेषकर लेटी व बैठी स्थिति में उठने पर। बेहोश होना। सांस फूलना। हृदय गति का तेज होना ।

## एनीमिया के कारण

एनीमिया का सबसे प्रमुख कारण हिया लौह तत्व युक्त खाद्य पदार्थों का पर्याप्त मात्रा में न खाना क्योंकि लाल रक्त कणों के निर्माण के लये लौह तत्व की आवश्यकता होती है । इसके अन्य कारण हैं : मलेरिया, जिसमें लाल रक्त कण नष्ट हो जाते हैं। बार-बार गर्भधारण करना। किसी भी कारण रक्त का नुकसान, जैसे कि-माहवारी में अधिक मात्रा में खून जाना (कॉपर टी या अन्त: गर्भस्थ साधन (आइ0यू0डी0) के कारण माहवारी भारी हो सकती है)।

**प्रसव:** पेट के कीड़ों पर परजीवियों के कारण खुनी दस्त लगना। पेट के अल्सरों से खून जाना। किसी जख्म से अधिक खून जाना।

## उपचार व रोकथाम

- ❖ यदि मलेरिया, परजीवी या कीड़ों के कारण एनीमिया है तो पहले इनका उपचार करें ।
- ❖ अधिक लौह तत्व युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें और उनके साथ विटामिन 'ए' व 'सी' समृद्ध खाद्य पदार्थ खायें क्योंकि ये शरीर में लौह तत्व के शोषण में वृधि करते है।
- ❖ खट्टे फल व टमाटर विटामिन 'सी' के अच्छे स्त्रोत हैं। गहरे पीले व गहरे हरे रंग की पत्तेदार सब्जियों में विटामिन 'ए' प्रचुर मात्रा में होता है।
- ❖ अगर कोई महिला पर्याप्त मात्रा में लौह तत्व युक्त खाद्य पदार्थ नहीं खा सकती है तो उसे लौह तत्व की गोलियां खानी पड़ेगी।
- ❖ काली चाय या कॉफ़ी पीने तथा अन्नों की बाहरी परत (चोकर) खाने से परहेज करें। ये शरीर में लौह तत्व के शोषण को कम करती है।
- ❖ परजीवीयों के संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छ पेय जल ही पीयें।
- ❖ स्वच्छ शौचालय का प्रयोग करें ताकि कीड़ों के अंडे (जो शौच में हो सकते हैं) भोजन पानी के स्त्रोंतों में न फैलें। यदि आपके क्षेत्र में हुकवर्म काफी प्रचुर है तो नंगे पैर खेतों, जमीन पर न चलें।
- ❖ बच्चों के जन्म के बीच कम से कम 2 वर्ष का अंतर रखें। ऐसा करने से दो गर्भों के बीच आपका शरीर लौह तत्व का कुछ भंडारण कर पाएगा।

**चूँकि लडकियों तथा महिलाओं को आवश्यकता से कम भोजन या यूँ कहिए कि कम पौष्टिक भोजन मिलता है, इसलिए उनके बीमार पड़ने की संभावना अधिक होती है। नीचे कुछ ऐसी बिमारियों का वर्णन किया जा रहा है तो ख़राब पोषण के कारण होती है।**

## बेरी-बेरी रोग

यह रोग थायमिन (एक प्रकार का विटामिन 'बी') की कमी के कारण होता है । थायमिन एक विटामिन है जो भोजन को उर्जा में परिवर्तित करने में सहायता करता है। एनीमिया की तरह यह रोग भी महिलाओं में किशोरवस्था से लेकर रजोनिवृति के बीच की उम्र में अरु उनके बच्चों को होता है। बेरी-बेरी होने की संभवना सर्वाधिक तब होती है जब भोजन में मुख्य खाद्य इस प्रकार का होता है जिसमें से उसकी बाहरी सतह (उदाहरण तया पॉलिश किया हुआ चावल) निकाल ली गई हो या ऐसा कंदमूल जिसमें स्टार्च की मात्रा काफी अधिक हो (जैसे कि-टेपिओका)।

**लक्षण:** भूख न लगना, खाने की इच्छा नहीं होना। भयंकर कमजोरी, विशेषकर पैरों में। शरीर पर सूजन आ जाना या दिल काम करना बंद कर देता है जिससे अचानक मृत्यु हो सकती है।

## उपचार व रोकथाम

ऐसे खाद्य पदार्थ खायें जिनमें थायमिन अधिक होता है जैसे कि संपूर्ण अन्न, दालें (मटर, फलियां), दूध व अंडा। अगर ये सब खाना संभव नहीं है तो रोगी को थायमिन की गोलियां खानी पड़ेंगी।

# हैप्पी ओल्ड एज के स्मार्ट टिप्स

'जियो और जीने दो' के सिध्दांत को स्थापित रखने का प्रयास करें। जीवन के हर क्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण सतर्क रहें। आवश्यक चैकअप समय-समय पर कराते रहें। जहां तक संभव हो प्रौढ़ावस्था में ही अपनी वृध्दावस्था की तैयारी आरंभ कर दें। अपना बैंक-बैलेंस और आभूषणों को भविष्य में आने वाले समय के लिए सुरक्षित रखें। अपना सब कुछ बांटने और देने की भूल, भूलकर भी न करें। व्यस्त और सक्रिय रहने का प्रयास करें। इसके लिए नियमित रूप से समय के साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। आपका स्वभाव जितना अच्छा होगा, उतना ही आपका बुढ़ापा अच्छा कटेगा। इस बात का विशेष ध्यान रखें। युवा पीढ़ी से ही नहीं, बल्कि किसी अन्य से भी अधिक उम्मीदें कभी न रखें। नौकरी से अवकाश के उपरांत घर पर व्यर्थ न बैठें और न ही आत्मकेन्द्रित बनें, बल्कि समाज व सामाजिक कार्यों के प्रति अपना सक्रिय योगदान दें। आज की आधुनिक जीवनशैली में बहुत आवश्यक है आपका समय के साथ चलना, इसलिए समय के साथ-साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। दूसरे के काम आने का प्रयास करें, इससे आपको भी आत्मसंतुष्टि मिलेगी और दूसरे भी आपसे खुश रहेंगे। इस अवस्था में आप अपनी रुचि व इच्छा के वे सभी कार्य करें, जो आप अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए न कर सके थे। नकारात्मक विचारों को मन में स्थान न दें। सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर सुख-दु:ख को जीने का प्रयास करें। स्वयं में आत्मबल का विकास करें। हर विपरीत परिस्थिति में अपना संयम न खोयें, बल्कि धैर्य और शान्ति से बुरे समय के निकल जाने का इन्तजार करें।


## रतौंधी रोग

यह आंखों की एक बीमारी है जो आम तौर पर दो से पांच वर्ष की आयु के बच्चों में सर्वाधिक होती है लेकिन वयस्कों में भी हो सकती है। यह विटामिन 'ए' की कमी के कारण होती है और गहरे पीले व गहरे हरे रंग की पत्तेदार सब्जियों, फलों व अन्य ऐसे खाद्य पदार्थों के पर्याप्त मात्रा में सेवन न करने के कारण होती है जिनमें विटामिन 'ए' प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। अगर लक्षणों की जल्दी पहचान करके समय पर इसका उपचार न कराया जाए तो अंधापन भी हो सकता है।

**लक्षण:** सबसे पहले, रतौंधी से पीड़ित महिला, कम रोशनी या हल्के अंधेरे में (जैसे कि शाम के समय), अन्य लोगों की तरह अच्छी तरह से नहीं देख पाती है। अगर उसे उपचार न मिले तो उसकी आंखों में सूखापन होने लगता है। आंखों के सफ़ेद हिस्से में सामान्य चमक कम होने लगती है और वहां सिलवटें पड़ने लगती है। आंखों में बिटाट स्पॉट्स बन जाते हैं। कोर्निया (पुतली के ऊपर पारदर्शी भाग) में सूखापन आने लगता है और वहां सूक्ष्म गड्ढे बनने लगते हैं। तत्पश्चात कोर्निया नरम होकर या तो जगह जगह से उभरने लगता है या वह फट भी सकता है। इस क्रिया में आंख में कोई दर्द नहीं होता है। संक्रमण, कोर्निया में सफेदी बनने या अन्य समस्या से अंधापन हो सकता है।

## उपचार व रोकथाम

- ❖ भोजन में गहरे हरे रंग की पत्तेदार सब्जियां (जैसे कि पलक, मेथी आदि) तथा पीले या लाल फल व सब्जियां (जैसे की गाजर, पपीता, आम आदि) जरुर खायें।
- ❖ दूध, अंडा, जिगर, व गुर्दे भी विटामिन 'ए' के अच्छे स्त्रोत हैं। इनके खाने से भी विटामिन 'ए' की कमी की रोकथाम होती है।
- ❖ अगर आप किसी कारण से उपर बताये गए खाद्य पदार्थ खाने में असमर्थ हैं तो आपको विटामिन 'ए' के कैप्सूल लेने होंगे। जो महिला ठीक से भोजन खाती है, उसे सारे विटामिन प्राप्त हो जाते हैं। विटामिनों की गोलियां, इंजेक्शन, शर्बत या टॉनिक लेने से बेहतर है कि ठीक से भोजन खाया जाए। कभी-कभी पौष्टिक भोजन आसानी से उपलब्ध नहीं होता है। अगर कोई महिला पहले से ही कुपोषित है तो उसे यथासंभव मात्रा में भोजन खाना चाहिए और साथ में विटामिन की गोलियां भी खानी चाहिए। विटामिन की गोलियां, सुईयों की तुलना में, उतनी असरदार परंतु अधिक सस्ती व हानिकारक होती है। विटामिन की सुईयां कभी न लें। उन्हें खाने ही बेहतर है हो सके तो पौष्टिक भोजन के रूप में।



# लिवर है फैटी तो ये जरूर खाएं ये चीजें

**फैटी लिवर और आंतों से जुड़े रोगों में गहरा संबंध है। शरीर से विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने के लिए सही आहार पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। विटामिन बी और सी युक्त चीजें लिवर को खास फायदा पहुंचाती हैं। प्रोबायोटिक्स शरीर में जमा विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में सहायक हैं। शहद, दही, योगर्ट अधिक खाएं। बाजार में प्रोबायोटिक युक्त ब्रेड, दूध व दही व सप्लिमेंट्स भी मिलते हैं। विटीमिन बी और सी युक्त चीजें खाएं। ये दोनों तत्व रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं और शरीर पर टॉक्सिन्स के असर को कम करते हैं। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स लिवर को ठीक रखता है। सुबह के नाश्ते में मोटापा बढ़ाने वाले तत्व कम और फाइबरयुक्त चीजें अधिक लें।**

आहार में दालें, चोकरयुक्त आटे से बनी चीजें, अंकुरित अनाज व दलिया खाएं। दिन में दो-तीन बार डैंडेलाइन टी पिएं। यह शरीर से पित्त का असर कम करती है। कच्ची सब्जियों व फलों का सेवन लिवर को फायदा पहुंचाता है। खासतौर पर हरे, नारंगी, पीले, बैंगनी और लाल रंग के फल व सब्जियां खाएं। गाजर, मूली, चुकंदर लिवर के लिए अच्छे हैं।

खूब पानी पिएं।

नीबू पानी, नारियल पानी, बेल शरबत व जूस पियें। ये पेय पदार्थ लिवर को ताकत देते हैं। लिवर में बनने वाले पित्त को काबू में रखने के लिए कड़वी पत्तियों मसलन सिंहपर्णी, चिकोरी आदि को सलाद के तौर पर खाएं। करेला भी फायदेमंद होता है। टूना, सरडाइन मछली के अलावा मूंगफली, सनफ्लावर, बादाम, तिल आदि का इस्तेमाल करें। सीताफल के बीज, फली वाली सब्जियां, मटर, दाल व बीन्स खाएं।

## फायदेमंद हैं जड़ी-बूटियां और मसाले

नियमित 5-6 ग्राम सौंफ खाएं। हल्दी और भृंगराज एल्कोहल व अन्य विषैले पदार्थों के असर को कम करने में मदद करते हैं। काली मिर्च का सेवन एसिडिटी के विकार को कम करता है। एसिडिटी लिवर को नुकसान पहुंचाती है।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : यशस्वी सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में एकमात्र भारतीय

एजेंसी ▸▸ दुबई

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का मौजूदा चक्र (2023-25) दिलचस्प हो चला है। भारतीय टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे ऊपर है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर हैं। अगले साल इसका फाइनल होना है और उसमें पहुंचने के लिए सभी टीमें पूरा दमखम लगा रही हैं। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले दो चक्र में भी फाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस साल रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम खिताब पर कब्जा जमाना चाहेगी। इस चक्र में भारत का बोलबाला सिर्फ उनके बल्लेबाजों की वजह से नहीं रहा है, बल्कि गेंदबाजों ने भी उतना ही साथ निभाया है। जब बात इस चक्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की आती है तो शीर्ष छह में भारत का सिर्फ एक ही बल्लेबाज है, जबकि शीर्ष-6 गेंदबाजों में भारत के दो खिलाड़ी हैं।




### यशस्वी ने बनाए 1028 रन

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में सबसे ज्यादा रन इंग्लैंड के जो रूट ने बनाए हैं। उन्होंने 25 पारियों में अब तक 51.22 की औसत से 1127 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। इसके बाद दूसरा स्थान भारत के यशस्वी जायसवाल का है। उन्होंने 16 पारियों में 68.53 की औसत से 1028 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के जैक क्राउली 23 पारियों में 42.78 की औसत से 984 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### शीर्ष पर भारत

भारत का फिलहाल अंक प्रतिशत 68.52 है, जबकि ऑस्ट्रेलिया का अंक प्रतिशत 62.50 है। न्यूजीलैंड का अंक प्रतिशत 50 है, जबकि इंग्लैंड 41.07 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। श्रीलंका 40 अंक प्रतिशत के पांचवें, बांग्लादेश भी 40 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 38.89 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। बांग्लादेश के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान 30.56 अंक प्रतिशत के साथ आठवें और वेस्टइंडीज 18.52 अंक प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर है।

### डब्लूटीसी अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 9 | 6 | 2 | 1 | 74 | 68.52 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 3 | 3 | 0 | 36 | 50.00 |
| इंग्लैंड | 14 | 7 | 6 | 1 | 69 | 41.07 |
| श्रीलंका | 5 | 2 | 3 | 0 | 24 | 40.00 |
| बांग्लादेश | 5 | 2 | 3 | 0 | 24 | 40.00 |
| द.अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 0 | 22 | 30.56 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

### सबसे ज्यादा विकेट




वहीं, मौजूदा चक्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में भारत के दो गेंदबाज हैं। इनमें रविचंद्रन अश्विन के अलावा जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। शीर्ष-6 में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी हैं, जबकि इंग्लैंड का एक खिलाड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड 51 विकेट के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क 48-48 विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। नाथन लियोन 43 विकेट के साथ तीसरे और अश्विन 42 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। इंग्लैंड के क्रिस वोक्स 36 विकेट के साथ पांचवें और भारत के बुमराह 31 विकेट के साथ छठे स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### राइडर्स की जीत में चमके हिम्मत और मयंक रावत

**नई दिल्ली।** कप्तान हिम्मत सिंह और मयंक रावत की 66 गेंदों पर 122 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को छह विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपना विजय अभियान जारी रखा। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 179 रन ही बना पाया। हिम्मत सिंह (नाबाद 85 रन) और रावत (नाबाद 66 रन) के बीच शानदार शतकीय साझेदारी से ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। ईस्ट दिल्ली राइडर्स की यह लगातार पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

### करारी हार के बाद बदलाव का वादा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ राष्ट्रीय टीम की करारी हार के बाद



सोमवार को समस्याओं को ठीक करने की बात करते हुए कहा कि बदलाव होने वाले हैं। शाहिद अफरीदी, मोहम्मद हफीज और फवद आलम जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने रविवार को रावलपिंडी में बांग्लादेश से मिली 10 विकेट से मिली हार के लिए राष्ट्रीय टीम की आलोचना की। नकवी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मैं पाकिस्तान क्रिकेट में समस्याओं को ठीक करूंगा। और पाकिस्तान क्रिकेट में बदलाव होने वाले हैं।'

### अगले ओलंपिक में खेलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मनप्रीत सिंह 30 साल की उम्र को पार कर चुके हैं लेकिन इस स्टार मिडफील्डर को उम्मीद है



कि अगर वह फिट रहते हैं तो लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग ले सकते हैं जो उनका पांचवा ओलंपिक होगा। मनप्रीत अभी 32 साल के हैं और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। भारत ने उनके कप्तान रहते हुए टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह पेरिस ओलंपिक में हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य भी थे।

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट से जुड़े शिखर धवन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद



सोमवार को लीजेंड्स लीग क्रिकेट से जुड़ गए। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। वह अब इंडियन प्रीमियर लीग से इतर अन्य टी20 लीग में खेल सकते हैं।


## सिलेसिया डाइमंड लीग : पोल वॉल्ट स्पर्धा में रचा इतिहास


# डुप्लांटिस ने 6.26 मीटर लगाई कूद साल में तीसरी बार तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ सिलेसिया

अर्मेंड डुप्लांटिस ने रविवार को पोलैंड में सिलेसिया डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दौरान 6.26 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया। लुईसियाना में जन्मे 24 साल के डुप्लांटिस अपनी मां के देश स्वीडन की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हैं। डुप्लांटिस ने अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड में एक सेंटीमीटर का सुधार किया। डुप्लांटिस ने इस साल तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों में 6.25 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पिछला विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

डुप्लांटिस का पहला विश्व रिकॉर्ड भी फरवरी, 2020 में पोलैंड में आया था। उन्होंने कहा- सब कुछ बस मुझे ऐसा करने की अनुमति देने के लिए एक साथ आया। मुझे पता है कि बहुत से लोग मुझे कूदते हुए देखने के लिए यहां आए थे, इसलिए मैं उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। इस साल मैंने ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित किया, रिकॉर्ड स्वाभाविक रूप से आया क्योंकि मैं अच्छी स्थिति में था। इसलिए मैं आज के रिकॉर्ड से हैरान नहीं हूं, लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं।






### इंगेब्रिग्त्सेन का शानदार प्रदर्शन

वहीं, इसी साल अपना 1500 मीटर ओलंपिक खिताब गंवाने वाल इंगेब्रिग्त्सेन का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने पेरिस में 5,000 मीटर का खिताब जीता था। सिलेसिया डाइमंड लीग में 3000 मीटर दौड़ में इंगेब्रिग्त्सेन ने 7 मिनट 17.55 सेकंड का समय निकाला और पहले स्थान पर रहे। उन्होंने आश्चर्य में अपने हाथों को अपने चेहरे पर रखकर खुशी जाहिर की। नार्वे के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने केन्या के डेनियल कोमेन के 28 साल के रिकॉर्ड को तीन सेकंड से अधिक समय से तोड़ा।

### अविनाश साबले का खराब प्रदर्शन

भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज के शीर्ष खिलाड़ी अविनाश साबले रविवार को यहां सिलेसिया डाइमंड लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बीच निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 14वें सथान पर रहे। एशियाई खेलों के चैंपियन 29 साल के साबले ने आठ मिनट 29.96 सेकंड के समय के साथ 20 धावकों के बीच 14वां स्थान हासिल किया। तीन धावक दौड़ पूरी करने में नाकाम रहे। गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के अल बक्काली सोफियान (आठ मिनट 4.29 सेकेंड) ने रेस जीती जबकि कीनिया के अमोस सेरेम (आठ मिनट 4.29 सेकेंड) और इथोपिया के सैमुअल फिरेवु (आठ मिनट 04.34 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# भारत ने एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में जीता रजत



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने रविवार को मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 की टीम स्पर्धा मरुहाबा कप में चीनी ताइपे और चीन को पछाड़कर रजत पदक जीता। भारत ने शनिवार को एशियाई खेलों में सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद यह रजत पदक जीता। भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया।

कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। चीनी ताइपे 29.70 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया उसी सेमीफाइनल में 27.74 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहा। फाइनल में भारतीय टीम ने एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और 24.13 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (23.93) और चीन (22.10) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। जापान ने 58.40 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता।

### बेंगलुरु एफसी की भिड़ंत मोहन बागान से आज

कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील छेत्री मंगलवार को यहां सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले डूरंड कप सेमीफाइनल में मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ बेंगलुरु एफसी की जीत की संभावना के लिए अहम खिलाड़ी होंगे। बेंगलुरु एफसी को गत चैंपियन मोहन बागान से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। मोहन बागान ने सिर्फ 10 गोल नहीं दागे हैं बल्कि शानदार रक्षण से अपने खिलाफ गोल भी नहीं होने दिया है और केवल तीन गोल खाए हैं। बेंगलुरु एफसी ने भी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने चार मैच में 11 गोल दागे हैं जबकि उसके खिलाफ केवल दो गोल हुए हैं।

# सूर्यकुमार, श्रेयस और सरफराज पर बुची बाबू टूर्नामेंट में निगाह



एजेंसी ▸▸ कोयंबटूर

भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अपना टेस्ट करियर पटरी पर लाने के लिए बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे जिसमें उनकी टीम मुंबई मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मैच में टीएनसीए एकादश का सामना करेगी।

श्रेयस अय्यर भी मुंबई की टीम का हिस्सा हैं और वह भी सत्र की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। अय्यर ने अपना आखिरी टेस्ट मैच फरवरी में खेला था। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई की टीम का नेतृत्व सरफराज खान करेंगे जिनके लिए सभी शीर्ष खिलाड़ियों की वापसी के बाद टेस्ट टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। सरफराज ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दौर के मैच में सभी का ध्यान निश्चित तौर पर सूर्यकुमार पर रहेगा जिन्होंने अपना एकमात्र टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी 2023 में खेला था। सूर्यकुमार ने इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।

### दलीप ट्रॉफी के लिए अभ्यास

बुची बाबू टूर्नामेंट सूर्यकुमार और अन्य स्टार खिलाड़ियों के लिए दलीप ट्रॉफी के लिए अभ्यास का काम करेगा। दलीप ट्राफी पांच सितंबर से शुरू होगी। सूर्यकुमार ने अपना अंतिम प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल दलीप ट्राफी में ही खेला था। तब वह चार पारियों में केवल 71 रन बना पाए थे। सरफराज ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने पांच पारियों में 200 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

### टी20 : वेस्टइंडीज 2-0 से अजेय, द. अफ्रीका को 30 रन से दी मात

तरौबा। वेस्टइंडीज ने अपनी पारी में 13 छक्के लगाए जिनके दम पर उसने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 30 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 179 रन बनाए। एक समय 14 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। शाई होप ने 22 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 22 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 35 रन का योगदान दिया।

# पाकिस्तान पर गिरी गाज, गंवाए छह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने रविवार को इतिहास रचते हुए पहली बार टेस्ट में पाकिस्तान टीम को मात दी थी। 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 10 विकेट से हराया था। बांग्लादेश से हार के बाद पाकिस्तान टीम पर गाज गिरी है।

आईसीसी ने शान मसूद की कप्तानी वाली टीम को कठोर सजा सुनाई है। रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान पाकिस्तान और बांग्लादेश टीम को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है। पाकिस्तान टीम ने तय समय पर 6 ओवर कम किए थे। ऐसे में मेजबान टीम ने छह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक गंवा दिए हैं। साथ ही बांग्लादेश ने 3




ओवर कम किए थे ऐसे में उनके 3 अंक काटे गए हैं। इतना ही नहीं पाकिस्तान टीम पर मैच फीस का 30% जबकि बांग्लादेश पर 15% जुर्माना लगाया गया।

### ब्राउन की ऑस्ट्रेलिया की टीम में वापसी, जेस बाहर

सिडनी। पांव की चोट से उबर चुकी तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को सोमवार को महिला टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया, लेकिन अनुभवी स्पिनर जेस जोनासेन मौजूदा चैंपियन की टीम में जगह बनाने में असफल रही। पैर की चोट के कारण मार्च में बांग्लादेश दौरे से हटने वाली ब्राउन अब पूरी तरह से फिट हैं। उनके अलावा एक अन्य तेज गेंदबाज तायला व्लामिनक को भी टीम में शामिल किया गया है। चयनसमिति के अध्यक्ष शॉन फ्लेगलर ने कहा, 'तायला और डार्सी की तेज गेंदबाजी जोड़ी को हम पिछले कुछ समय से टीम में शामिल करना चाहते थे और हमारी टीम में यह वास्तविक अंतर है।'

## अल्टीमेट टेबल टेनिस : शरत ने लेवेनको को 2-1 से हराया

# चेन्नई लॉयन्स ने दबंग दिल्ली को 8-7 से हराया

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

भारत के स्टार खिलाड़ी अचंत शरत कमल की अगुआई में चेन्नई लॉयन्स ने रविवार को यहां अल्टीमेट टेबल टेनिस मुकाबले में दबंग दिल्ली टीटीसी को 8-7 से हरा दिया। लीग में शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी शरत ने पहले पुरुष एकल में दिल्ली के ऑस्ट्रिया के खिलाड़ी आंद्रियास लेवेनको को 2-1 से हराकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

मानव ठक्कर का जुझारू प्रदर्शन भी यू मुम्बा टेटे टीम के काम नहीं आ सका जिसे पदार्पण कर रही जयपुर पैट्रियट्स से 6-9 से हार का सामना करना पड़ा। यह उसकी



टूर्नामेंट में दूसरी हार है। मानव ने मारिया जियोओ के साथ मिलकर मिश्रित युगल राउंड में मुंबई को जीत दिलाई। इसके बाद उन्होंने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे पुरुष एकल में स्नेहित एसएफआर को 2-1 से शिकस्त दी। लेकिन फिर भी अपनी टीम को जयपुर पैट्रियट्स से हारने से नहीं बचा सके जिसके अंतरराष्ट्रीय स्टार चो सेयुंग मिन और सुथासिनी सावेटाबट ने शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले सकूरा मोरी ने इसके बाद महिला एकल में ओरावान पेरानंग को 2-1 से हराकर चेन्नई की बढ़त मजबूत की।

### शरत-मोरी की जोड़ी जीती

मिश्रित युगल में शरत और जापान की मोरी की जोड़ी ने दबंग दिल्ली के जी साथियान और पेरानंग की जोड़ी को 2-1 से हराया। मेजबान टीम ने इसके बाद मुकाबला अपने नाम किया जब जूल्स रोलैंड ने दूसरे पुरुष एकल में स्थानीय खिलाड़ी साथियान को 2-1 से हराया। अंतिम मैच में दबंग दिल्ली की दीया चितले ने पोयमांती बैश्य को 3-0 से हराकर यूटीटी में अपनी पहली जीत दर्ज की और दिल्ली के हार के अंतर को कम किया।

## खबर संक्षेप

### अदाणी समूह ने अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के प्रवर्तक ने खुले बाजार लेनदेन के जरिये अंबुजा सीमेंट्स में लगभग 2.8 प्रतिशत हिस्सेदारी जीक्यूजी पार्टनर्स जैसे निवेशकों को 4,250 करोड़ रुपये में बेच दी है। प्रवर्तक ने अंबुजा सीमेंट्स की हिस्सेदारी को अपने नियमित समायोजन के हिस्से के रूप में बेचा।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस व टीसीएस रही सबसे आगे




**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 95,522.81 करोड़ रुपये बढ़े। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचयूएल सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 33.02 अंक यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 81,086.21 पर बंद हुआ।

### सरकार छह दशक पुराने चीनी मानदंड बदलेगी



**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय चीनी के उत्पादन, भंडारण और मूल्य निर्धारण से संबंधित लगभग छह दशक पुराने विनियमन को प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति के अनुरूप बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इस संबंध में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने चीनी (नियंत्रण) आदेश, 2024 का मसौदा जारी किया है।

### नायका के शेयरधारकों ने 1.45% हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल ब्रांड नायका का संचालन करने वाली कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स लिमिटेड के एक सार्वजनिक शेयरधारक ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 1.43 प्रतिशत हिस्सेदारी 851 करोड़ रुपये में बेच दी। आंकड़ों के मुताबिक, हरिंदरपाल सिंह बंगा ने नायका में चार करोड़ से अधिक शेयर यानी 1.43 प्रतिशत हिस्सेदारी 208.30 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बेची।

### मारुति नेक्सा का बिक्री नेटवर्क बढ़ा 650 करेगी



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया की योजना चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अपनी 'नेक्सा'' के बिक्री नेटवर्क को बढ़ाकर लगभग 650 आउटलेट तक करने की है। कंपनी का का लक्ष्य देशभर के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाना है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी का लक्ष्य देशभर में नेक्सा के लगभग 150 नए शोरूम खोलने का है।

### इकोस मोबिलिटी का आईपीओ 28 को खुलेगा



**नई दिल्ली।** ड्राइवर-चालित परिवहन समाधान प्रदाता इकोस (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड (ईसीओएस) ने अपने 601 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 318-334 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि आरंभिक शेयर बिक्री 28 अगस्त को खुलकर 30 अगस्त को बंद होगी। एंकर निवेशक 27 अगस्त को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे।

# पाकिस्तान में इस वर्ष दिसंबर से चलने लगेंगे पॉलीमर प्लास्टिक के बैंक नोट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपनी करेंसी को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। यह फैसला भारत की नोटबंदी से मिलता-जुलता है। मगर, नोटों को बदलने का फैसला बिलकुल अलग तरीके से लागू किया जाएगा।

■ पुराने नोटों को तत्काल न बदलकर पांच वर्ष चलने दिया जाएगा

इसका ऐलान अभी से कर दिया गया है ताकि लोगों को इस बारे में जानकारी रहे। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने कहा है कि देश में चल रहे सभी कागज के नोटों को दिसंबर तक पॉलीमर प्लास्टिक नोट से बदल दिया जाएगा। इससे फेक करेंसी की समस्या खत्म हो जाएगी।

जमील अहमद ने सीनेट की एक कमेटी से कहा कि नए प्लास्टिक नोटों को रीडिजाइन किया जाएगा। साथ ही इसमें सुरक्षा के नए फीचर और होलोग्राम जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 रुपए से लेकर 50, 100, 500, 1000 और 5000 के नए नोट जारी किए जाएंगे। सीनेट कमेटी के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि पुराने नोटों को तत्काल नहीं हटाया जाएगा। इन्हें 5 साल तक चलने दिया जाएगा। इसके बाद धीरे-धीरे इन्हें मार्केट से बाहर कर दिया जाएगा।

## स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर अहमद ने की घोषणा

### ऑस्ट्रेलिया ने सबसे पहले चलाए थे ऐसे नोट

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर ने बताया कि सेंट्रल बैंक नए पॉलीमर प्लास्टिक बैंक नोट के साथ प्रयोग कर रहा है। इस नोट को जनता को इस्तेमाल करने के लिए दिया जाएगा। अगर सही प्रतिक्रिया आई तो सारे नोट प्लास्टिक के बना दिए जाएंगे। फिलहाल 40 देशों में पॉलीमर प्लास्टिक बैंक नोट इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि इनके नकली नोट बनाना बहुत मुश्किल काम है। ऑस्ट्रेलिया ने सबसे पहले 1998 में ऐसे नोट चलाए थे।



### पाकिस्तान में चलता रहेगा 5000 रुपए का नोट

इसके अलावा जमील अहमद ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान में 5000 रुपए का नोट चलता रहेगा। सेंट्रल बैंक ने इसे बंद करने की कोई योजना नहीं बनाई है। पाकिस्तान में इस बड़े नोट के खिलाफ आवाज उठाई जा रही थी। सीनेट मेंबर मोहम्मद अजीज ने कहा था कि इतने बड़े नोट से भ्रष्टाचार करने में आसानी हो जाती है। मगर, स्टेट बैंक गवर्नर ने कहा कि अभी हमें 5000 रुपए के नोट की जरूरत है।

## इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और गैस कंपनी गेल शामिल

# नियमों का पालन नहीं करने पर लगातार पांचवीं तिमाही तेल कंपनियों पर जुर्माना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


शेयर बाजार बीएसई और एनएसई ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल), गेल (इंडिया) लि. और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि. (एमआरपीएल) पर अप्रैल-जून तिमाही में सूचीबद्धता की आवश्यकता को पूरा नहीं करने के लिए जुर्माना लगाया है।

कंपनियों ने शेयर बाजारों को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या या अनिवार्य महिला निदेशकों के नहीं होने से बीएसई और एनएसई ने जुर्माना लगाया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि निदेशकों की नियुक्ति सरकार को करनी है और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। कंपनियों को पिछली चार तिमाहियों में भी इसी कारण जुर्माना का सामना करना पड़ा था।

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और गैस कंपनी गेल समेत अन्य बड़ी तेल कंपनियों पर सूचीबद्धता मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने को लेकर लगातार पांचवीं तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना अपने निदेशक मंडलों में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र और महिला निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने को लेकर लगाया गया है।

### निदेशकों को नियुक्ति का अधिकार मंत्रालय के पास

आईओसी ने कहा, ''नोटिस के जवाब में, इंडियन ऑयल ने 22 अगस्त, 2024 के पत्र के माध्यम से बीएसई और एनएसई को बताया है कि एक सरकारी कंपनी होने के नाते, निदेशकों को नियुक्त करने का अधिकार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास है। ऐसे में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में महिला स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति नहीं करने सहित स्वतंत्र निदेशकों की कमी कंपनी की लापरवाही/चूक के कारण नहीं है।''



### निदेशकों की नियुक्ति को लेकर मामला कंपनी उठाती रही

कंपनी ने कहा कि आईओसी को जुर्माना भरने के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाना चाहिए तथा उसे माफ कर दिया जाना चाहिए। कंपनी ने कहा कि वह कॉरपोरेट संचालन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित संख्या में निदेशकों की नियुक्ति को लेकर मंत्रालय के साथ लगातार मामला उठाती रही है। बीपीसीएल ने कहा कि निदेशक मंडल में एक स्वतंत्र निदेशक कम होने के कारण बीएसई और एनएसई ने उस पर 2,41,900-2,41,900 रुपये का जुर्माना लगाया है।

### स्वतंत्र निदेशक रखने की जरूरत होती है

सूचीबद्धता नियमों के अनुसार कंपनियों को कार्यकारी या कार्यात्मक निदेशकों के समान अनुपात में स्वतंत्र निदेशक रखने की जरूरत होती है। उन्हें निदेशक मंडल में कम-से- कम एक महिला निदेशक रखने की भी आवश्यकता है। आईओसी ने कहा कि बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यता और खुलासा जरूरत) के विनियमन 17(1) का अनुपालन नहीं करने के लिए कंपनी पर 5,36,900-5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाया।

# सुरक्षा समूह ने जेपी इंफ्राटेक में 250 करोड़ रुपए लगाए

## 20 हजार फ्लैट पूरे करने को ऋण सुविधा मिली



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रियल एस्टेट कंपनी सुरक्षा समूह ने दिवाला प्रक्रिया के जरिये जेपी इंफ्राटेक का अधिग्रहण करने के बाद उसमें 250 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर में लगभग 20,000 अधूरे फ्लैटों को पूरा करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा भी हासिल की है। जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की बही-खाते में लगभग 1,000 करोड़ रुपये नकद पड़े हैं, जो दिवाला कंपनी ने रियल एस्टेट कारोबार और ग्रेटर नोएडा तथा आगरा को जोड़ने वाले यमुना एक्सप्रेसवे की टोल आय से जमा किए हैं। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा समूह ने जून की शुरुआत में जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) का नियंत्रण लेने के बाद इक्विटी और ऋण के रूप में इसमें 250 करोड़ रुपये डाले हैं। जेआईएल के पास फिलहाल 1,250 करोड़ रुपये का फंड है, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये की आंतरिक नकदी और सुरक्षा समूह से 250 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। सुरक्षा समूह ने 3,000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा का इंतजाम भी किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए धन की कमी न हो।

### 62 टावरों में निर्माण की गति तेज

इन टावरों में सुरक्षा समूह के अधिग्रहण से पहले केवल 62 टावरों में निर्माण कार्य चल रहा था, जबकि बाकी 97 टावरों पर गतिविधियां पूरी तरह से रुकी हुई थीं। सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा समूह ने 62 टावरों में निर्माण की गति तेज कर दी है और पूरी हो चुकी इमारतों के लिए पूर्णता प्रमाण पत्र के लिए भी आवेदन किए जा रहे हैं।

# वैश्विक संकेतों से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इस सप्ताह जारी होने वाले जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) आंकड़े समेत प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़े, वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटाने और वैश्विक संकेतों से बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने रविवार को यह कहा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों का भी बाजार पर असर दिखने को मिल सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''इस सप्ताह, हमारा अनुमान है कि शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के साथ बाजार में धीरे-धीरे तेजी देखने को मिलेगी। निवेशकों की नजर वायदा एवं विकल्प कारोबार में मासिक सौदों के निपटान के साथ-साथ वैश्विक संकेतों पर रहेगी। खेमका ने कहा कि बाजार मंगलवार को जैक्सन होल संगोष्ठि में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देगा।

पॉवेल ने शुक्रवार को संकेत दिया कि केंद्रीय बैंक सितंबर की बैठक में अपनी ब्याज दर में कटौती करेगा। पॉवेल ने अपने संबोधन में भविष्य में ब्याज दर में कटौती के लिए आधार तैयार किया। पॉवेल ने कहा, ''नीति को समायोजित करने का समय आ गया है।' एक्सिस सिक्योरिटीज पीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी नवीन कुलकर्णी ने कहा, ''बाजार सितंबर में फेडरल रिजर्व की अगली बैठक के दौरान ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कर रहा है।

## इस सप्ताह जारी होंगे जीडीपी के आंकड़े



### अमेरिका में मंदी आने की संभावना कम: पॉवेल


नौकरियों के कमजोर आंकड़ों के बीच ऐसे संकेत हैं कि नीतिगत दर में कटौती की गति तेज हो सकती है।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, पॉवेल का मानना है कि निकट भविष्य में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी आने की संभावना बहुत कम है। इसका मतलब है कि नीतिगत दर में कटौती आम सहमति के अनुरूप होगी और दर में अधिक कटौती की संभावना कम हो सकती है।'

### त्योहारी मांग से सभी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे दाम पर बिकवाली से बचने तथा त्योहारी मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल - तिलहन बाजारों में सरसों , मूंगफली एवं सोयाबीन तेल - तिलहन , कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव मजबूती के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में जिस सोयाबीन तेल का दाम 1,010-1,015 डॉलर प्रति टन था वह बढ़कर 1,030-1,035 डॉलर प्रति टन हो गया।

# एफपीआई ने बांड बाजार में लगाए 11,366 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक देश के बांड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं। इसके साथ बांड क्षेत्र में शुद्ध रूप से पूंजी प्रवाह इस साल एक लाख करोड़ रुपये का पार कर गया है। भारत के बांड बाजार में विदेशी निवेशकों की मजबूत खरीदारी का कारण इस साल जून में जेपी मॉर्गन के उभरता बाजार सरकारी बांड सूचकांक में भारत को शामिल किये जाने को दिया जा सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (24 अगस्त तक) बॉन्ड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं। भारतीय बांड बाजार में जुलाई में 22,363 करोड़ रुपये, जून में 14,955 करोड़ रुपये और मई में 8,760 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश हुए थे। इससे पहले, उन्होंने अप्रैल में 10,949 करोड़ रुपये निकाले थे।




# सृजन से जुड़े कृत्रिम मेधा में ग्राहकों की दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सलिल पारेख ने कहा कि जेनरेटिव यानी सृजन से जुड़े कृत्रिम मेधा (एआई) में ग्राहकों की गहरी दिलचस्पी है और कंपनी में भी इनकी भारी मांग है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इन नए जमाने की तकनीकों के कारण अपनी कंपनी में किसी छंटनी की आशंका नहीं है।

पारेख ने 3.9 अरब डॉलर के जीएसटी कर मांग के बारे में कहा कि इन्फोसिस ने पहले ही इस बारे में बता दिया है और शेयर बाजार को दी सूचना में भी खुलासे कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास साझा करने के लिए कोई नयी जानकारी नहीं है।

# अधिग्रहण की तलाश में इन्फोसिस : सीईओ

## भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी इन्फोसिस इस वर्ष दो अधिग्रहणों के बाद और कंपनियों को लेने की तैयारी में है। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलिल पारेख ने कहा कि कंपनी डेटा एनालिटिक्स, सेवा के तौर पर सॉफ्टवेयर जैसे क्षेत्रों में अधिग्रहण की इच्छुक है तथा यूरोप और अमेरिका के कुछ भौगोलिक क्षेत्रों पर भी विचार कर सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या और अधिक अधिग्रहण, प्रौद्योगिकी क्षेत्र के समान पैमाने के हो सकते हैं, पारेख ने कहा, /"बिल्कुल, मुझे लगता है कि हम पैमाने के संदर्भ में इसी आकार पर विचार करेंगे और हमारी संरचना को देखते हुए हम इनमें से कुछ अधिग्रहण कर सकते हैं।/ कंपनी ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 45 करोड़ यूरो के अधिग्रहण किए हैं।

### इन-टेक होल्डिंग के अधिग्रहण के लिए समझौता

पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इन्फोसिस जर्मनी ने अप्रैल में इन-टेक होल्डिंग में 45 करोड़ यूरो (लगभग 4,045 करोड़ रुपये) तक की राशि पर 100 प्रतिशत इक्विटी शेयर अधिग्रहण करने के लिए पक्का समझौता किया। इन-टेक होल्डिंग जर्मनी में मुख्यालय वाली इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास सेवाओं की अग्रणी प्रदाता कंपनी है।

### इंजीनियरिंग व सेवा क्षेत्र में अच्छा कारोबार

पारेख ने कहा, "...इन्फोसिस के अंदर इंजीनियरिंग सेवाओं में हमारा पहले से ही बहुत अच्छा कारोबार है और फिर हमने दो अधिग्रहण किए, दोनों ही इंजीनियरिंग सेवाओं में, एक सेमीकंडक्टर की तरफ और एक ऑटोमोटिव की तरफ... बहुत मजबूत कारोबार है और हम उस क्षेत्र में विस्तार को लेकर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।"

## सेबी के खिलाफ उठाएंगे उचित कदम

# सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहे अनिल अंबानी : प्रवक्ता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उद्योगपति अनिल अंबानी पूंजी बाजार नियामक सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहे हैं। वे कानूनी सलाह के आधार पर उचित कदम उठाएंगे। उनके प्रवक्ता ने रविवार को यह कहा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनिल अंबानी को पूंजी बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। प्रवक्ता ने बयान में कहा कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से जुड़े एक मामले में सेबी के 11 अगस्त, 2022 के अंतरिम आदेश का पालन करने के लिए अंबानी ने रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया था।

■ रिलायंस इंफ्रा व पावर से पहले ही दे चूके इस्तीफा

### धन की हेराफेरी का लगा था आरोप

बयान के अनुसार, वह /"पिछले ढाई वर्षों से उक्त अंतरिम आदेश (11 फरवरी, 2022 के) का अनुपालन कर रहे हैं। सेबी ने 22 अगस्त को दिए आदेश में अनिल अंबानी और 24 अन्य को धन की हेराफेरी के आरोप में प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।



### मामलों पर कोई असर नहीं पड़ेगा

बयान के अनुसार, "अनिल अंबानी ने उसी कार्यवाही में सेबी द्वारा पारित 11 फरवरी, 2022 के अंतरिम आदेश के अनुसार रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए, सेबी द्वारा पारित 22 अगस्त, 2024 के आदेश का रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के व्यवसाय और मामलों पर कोई असर नहीं पड़ता है।"

### नोटिस में रिलायंस इंफ्रा कोई पक्ष नहीं थी

मुंबई की सूचीबद्ध रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने एक अलग बयान में कहा कि वह /"सेबी के समक्ष कार्यवाही में नोटिस प्राप्तकर्ता या पक्ष नहीं थी, जिसमें आदेश पारित किया गया है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ आदेश में कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं।/"

### अंबानी कानूनी सलाह के अनुसार कदम उठाएंगे

प्रवक्ता ने कहा, /"अनिल अंबानी उक्त मामले में सेबी द्वारा पारित 22 अगस्त, 2024 के अंतिम आदेश की समीक्षा कर रहे हैं और कानूनी सलाह के अनुसार अगला कदम उठाएंगे।/" सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि उन्होंने रिलायंस होम फाइनेंस से धन की हेराफेरी करने की योजना बनाई थी।

### अनिल सूचीबद्ध कंपनियों के चेयरमैन रहे

रिलायंस होम फाइनेंस, रिलायंस समूह की एक सूचीबद्ध अनुषंगी कंपनी है जिसके वे चेयरमैन हैं। प्रतिबंध के तहत अनिल और अन्य 24 इकाइयां प्रतिभूति बाजार में लेन-देन नहीं कर पाएंगे। उन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री या लेनदेन करने पर प्रतिबंध रहेगा।

## देशभर में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# कृष्ण मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, सेवायतों ने लड्डू गोपाल को पंचामृत से कराया स्नान और भोग प्रसाद अर्पित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूरे भारत में भगवान कृष्ण के जन्मदिन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को मनाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में एकत्रित हुए। कृष्ण के जन्म उत्सव के अवसर पर देशभर के सभी मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। देशभर के सभी इस्कॉन मंदिरों में लोग कृष्ण दर्शन के लिए जुटे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को भगवान कृष्ण का जन्मदिन पूरे धूमधाम से मनाने के लिए देश भर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को राधा कृष्ण परिसर के सभी मंदिरों में घंटियां, मृदंग और शंख की ध्वनि गूंज उठी। भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा मंदिर भी कृष्ण भक्तों से भरे रहा। द्वारका में भी भगवान के भक्त पूजा-पाठ के लिए पहुंचे। देशभर के इस्कॉन मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त उमड़े। इस्कॉन मंदिरों में महोत्सव में 27 को जन्माष्टमी किया आज नंदोत्सव का आयोजन होगा।



इस्कॉन के अहमदाबाद मंदिर में श्रीकृष्ण के दर्शन करते श्रद्धालु।



श्रीनगर के लाल चौक पर श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई।

### राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं अपने सभी देशवासियों को जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बधाई देता हूं। यह त्योहार हमें भगवान श्री कृष्ण के दिव्य आदर्शों के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर, आइए हम भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें और देश की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करने का संकल्प लें।

*पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि आप सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं। जय श्री कृष्णा!।*

*लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। मुझे आशा है कि आनंद और खुशी का यह त्योहार आप सभी के जीवन को नए उत्साह और उमंग से भर देगा।*

## खबर संक्षेप

### मंत्रालय ने पूछा क्या भारत में नियमों का उल्लंघन हुआ

**नई दिल्ली।** मैसेजिंग सर्विस ऐप टेलीग्राम के प्रमुख पावेल डुरोव को पेरिस में गिरफ्तार कर लिया गया।



इस बीच, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय से जानकारी मांगी है कि क्या भारत में भी कोई उल्लंघन किया गया है। हालांकि, इस मुद्दे पर आईटी मंत्रालय को भेजे गए ईमेल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। टेलीग्राम का अपराधों के लिए उपयोग किया जा रहा है।

### हरदीप ढिल्लों ने अकाली दल से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल के गिद्दड़बाहा के नेता हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने पार्टी से



इस्तीफा दे दिया है। रविवार को सोशल मीडिया पर लाइव होकर उन्होंने इसकी घोषणा की। डिंपी ने कहा कि वह हमेशा शिरोमणि अकाली दल और बादल परिवार के साथ डटकर खड़े रहे। हर स्थिति में उन्होंने पार्टी का साथ दिया है। हालांकि उनके आम आदमी पार्टी में जाने की चर्चा है।

### आग लगने से झुलसे दो और श्रमिकों की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में एक दवा कंपनी के कारखाने में लगी आग



की घटना में झुलसे दो और श्रमिकों की मौत हो गई, जिससे इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए ओयबन खोरा (23) की हालत गंभीर है। अनकापल्ली की पुलिस अधीक्षक एम. दीपिका पाटिल ने यह बताया।

### ट्रक से कुचल कर तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में सोमवार को तड़के एक कैंटर ट्रक ने फुटपाथ पर



सो रहे पांच लोगों को कथित तौर पर कुचल दिया जिससे उनमें से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कथित घटना शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास तरबूज बाजार में सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई। ये सभी लोग बेघर थे और फुटपाथ पर सो रहे थे।

### इस्कॉन मंदिर के बाहर पुलिस ने भांजी लाठियां

**पटना।** जन्माष्टमी के अवसर पर पटना स्थित इस्कॉन मंदिर के बाहर सोमवार की देर शाम हुई भीड़



बेकाबू हो गई। जिसके बाद पुलिस-प्रशासन ने श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज कर दिया, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई। इस दौरान एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक है। लोगों ने स्वयं ही हालात पर काबू पाया।

## जम्मू भाजपा दफ्तर में टिकट कटने वालों का हंगामा, कहा- पैराशूट उम्मीदवार नहीं चाहिए

### नामांकन का अंतिम दिन आज

# भाजपा ने जारी की 16 प्रत्याशियों की सूची पहले दो सूचियां रद्द कीं, बताया टाइपिंग एरर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को कैंडिडेट्स की 3 सूची जारी की। पहली सूची सुबह 10 बजे आई। इसमें तीन चरण के 44 प्रत्याशियों के नाम थे, लेकिन इसे थोड़ी ही देर में हटा दिया गया। पहली सूची के आते ही जम्मू भाजपा दफ्तर में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी ने पैराशूट प्रत्याशी उतार दिए हैं। इसके बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना अपने केबिन में चले गए और दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद बाहर निकले और कहा- परेशान न हों, सभी से व्यक्तिगत बात करूंगा। बात हाईकमान तक पहुंची। पहली सूची जारी होने के 2 घंटे बाद 12 बजे एक और सूची आई, इसमें सिर्फ पहले चरण के 15 प्रत्याशियों के नाम थे। रविंद्र रैना ने कहा कि अभी ध्यान 18 सितंबर को होने वाली पहले चरण की वोटिंग पर है। जम्मू-कश्मीर के मीडिया प्रभारी सज्जाद ने बताया कि 44 उम्मीदवारों की सूची टाइपिंग एरर के कारण रद्द की गई है। इसके बाद 2 बजकर 45 मिनट पर एक और सूची आई। इसमें सिर्फ एक नाम था। कोकरनाग से चौधरी रोशन हुसैन के नाम की घोषणा की गई। बता दें, जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 3 चरणों में मतदान होंगे। नतीजे 4 अक्टूबर 2024 को आएंगे। जीत के लिए बहुमत का आंकड़ा 46 है।

*जीत के लिए बहुमत का आंकड़ा 46*

### मोदी-शाह समेत 40 स्टार प्रचारक करेंगे चुनाव रैली

### हाईकमान तक पहुंचा मामला फिर नई सूची तैयार की गई

### 18 सितंबर को पहले चरण की वोटिंग, 4 अक्टूबर को रिजल्ट



#### नाराज कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

*विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कुछ नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय पर पार्टी नेतृत्व द्वारा मेहनती कार्यकर्ताओं की 'अनदेखी' करने और 'पैराशूट उम्मीदवारों' को टिकट देने को लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष जगदीश भगत ने कहा कि मैं पिछले 18 साल से पार्टी से जुड़ा हुआ हूं और इसे मजबूत करने के लिए दिन-रात काम किया है लेकिन टिकट एक ऐसे व्यक्ति को दिया गया है जो कुछ ही दिन पहले पार्टी में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर वे हमारी उपेक्षा करते हैं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। हम किसी भी गलत काम की अनुमति नहीं देंगे और पार्टी के भीतर इस अन्याय के खिलाफ विरोध करेंगे।*

#### पार्टी परिवार की तरह, जीत हमारा मिशन



जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने हालांकि कहा कि पार्टी एक परिवार की तरह है, जहां इससे फर्क नहीं पड़ता कि किसे टिकट मिलता है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में और स्वयं को अंत में मानने वाले लोग हैं। हमारा मिशन हमारी पार्टी की जीत है। एक पार्टी के भीतर कई तरह की चर्चाएं और मुद्दे होते हैं। भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। हम एक परिवार की तरह काम करते हैं और हमारे हजारों कार्यकर्ता हमारे उम्मीदवारों की सफलता में अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं।

#### पार्टी के नेता और कार्यकर्ता एकजुट

*भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुनील सेठी ने कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता एकजुट हैं और सभी उम्मीदवारों की सफलता के लिए अथक परिश्रम करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई नाराजगी या भ्रम नहीं है। हमें कोई अनुमान नहीं लगाना चाहिए और नई सूचियों का इंतजार करना चाहिए।*

#### इन्हें मिला है मौका

*भाजपा की संशोधित सूची के अनुसार जम्मू क्षेत्र की चिनाब घाटी में भाजपा ने पूर्व मंत्रियों सुनील शर्मा (पाडेर-नागसेनी) और शक्ति राज परिहार (डोडा पश्चिम), पूर्व विधायक दलीप सिंह परिहार (भदरवाह), शगुन परिहार (किश्तवाड़), तारिक कीन (इंदरवल), गजय सिंह राणा (डोडा), राकेश ठाकुर (रामबाण) और सलीम भट (बनिहाल) को मैदान में उतारा है। कश्मीर घाटी में भाजपा ने उपाध्यक्ष सोफी यूसु (श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा), सैयद शौकत गयूर अंद्राबी (पाम्पोर), अर्शीद भट्ट (राजपोरा), जावेद अहमद कादरी (शोपियां), मोहम्मद रफीक वानी (अनंतनाग पश्चिम), सैयद वजाहत (अनंतनाग), वीर सर्राफ (शनगुस अनंतनाग पूर्व) और चौधरी रोशन हुसैन गुज्जर (कोकरनाग-अजजा) को मैदान में उतारा है।*

### कांग्रेस और नेकां में बनी सहमति

#### 32 पर कांग्रेस, 51 पर नेशनल कॉन्फ्रेंस, दो पर सहयोगी, 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच सीट शेयरिंग का समझौत हो गया है। 90 में से पांच सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 85 में से कांग्रेस 32 सीटों पर लड़ेगी। 51 सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस लड़ेगी। दो सीट सहयोगी के लिए छोड़ी गई। सोमवार को श्रीनगर में फारूक अब्दुल्ला और केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में इसका औपचारिक ऐलान हो गया।

#### एक-एक सीट सीपीआई व जेकेएनपीपी को दी

*जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक कर्रा ने कहा कि एक सीट पर सीपीआई और एक सीट जेकेएनपीपी को दी गई है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, "बहुत खुशी का बात है। हम लोगों ने मुहिम शुरू की थी कि उन ताकतों के खिलाफ लड़ें, जो यहां लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन बना ही इसी लिया था कि सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ें। हम लोगों ने समझौता पूरा कर लिया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल और सलमान खुर्शीद सहित अन्य नेताओं ने श्रीनगर में फारूक अब्दुल्ला से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात दौरान सीटों पर फंसे पेंच को सुलझा लिया गया। बता दें कि सीटों पर पेंच फंसने के बाद कांग्रेस ने सलमान खुर्शीद को इस पर बात करने के लिए सक्रिया किया।*

### कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला

## दुष्कर्म, जबरन धर्मांतरण के आरोपी को जमानत देने से किया इनकार

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक विवाहित महिला को बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार करने और उसे इस्लाम में धर्म परिवर्तित करने के लिए मजबूर करने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपी रफीक ने बेलगावी जिले के सावदत्ती तालुक के मुनावल्ली गांव में अनुसूचित जाति की एक महिला से कथित तौर पर दोस्ती की और उसे बेलगावी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उसे बंधक बना लिया, कई बार दुष्कर्म किया और उस पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डाला। महिला ने आरोपी के चंगुल से भागकर पति को आपबीती सुनाई जिसके बाद रफीक को गिरफ्तार कर लिया। न्यायमूर्ति एस. रचैया ने कहा कि अपराध की गंभीरता और इसके व्यापक सामाजिक निहितार्थों के लिए अदालतों से एक मजबूत संदेश की आवश्यकता है।

### फिल्म इंडस्ट्री का खुला काला चिट्ठा

## अभिनेत्री मीनू मुनीर ने 4 एक्टर्स पर लगाए यौन उत्पीड़न के आरोप

एजेंसी ▶▶ कोच्चि



मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस मीनू मुनीर ने सोमवार को एम. मुकेश समेत 4 एक्टर्स के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए।

हेमा समिति की रिपोर्ट में महिलाओं के उत्पीड़न के चौंकाने वाले खुलासों का सामना कर रहे फिल्म उद्योग में इससे और खलबली मच गई है। अभिनेत्री ने माकपा के विधायक मुकेश के खिलाफ भी आरोप लगाए गए। बहरहाल, कोल्लम के विधायक ने अभी इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता वीडी सतीसन ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य की वाम सरकार मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने वालों को बचाने की कोशिश कर रही है।

### कोलकाता कांड के आरोपी संजय ने जुर्म कबूला

## कहा- घटना से पहले शराब पी मर्डर की बात भी स्वीकारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। संजय ने कहा कि उसने रेप के बाद ट्रेनी डॉक्टर का मर्डर किया था। घटना को अंजाम देने से पहले वो रेड लाइट एरिया गया था। रास्ते में भी एक लड़की को छेड़ा और गर्लफ्रेंड से उसकी नग्न तस्वीरें मांगी थीं। संजय ने एक दिन पहले 25 अगस्त को पॉलीग्राफ टेस्ट में ये सारी बातें कही हैं। पुलिस कस्टडी में भी संजय ने रेप और मर्डर की बात स्वीकार की थी। संजय का यह कबूलनामा मर्डर और रेप के 18 दिन बाद आया है। 8 और 9 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लड़की की अर्धनग्न बॉडी मिली थी।

#### छात्र समाज का नबन्ना अभियान अवैधः बंगाल पुलिस



*छात्र संगठन 'छात्र समाज' द्वारा 27 अगस्त को प्रस्तावित 'नबन्ना अभियान' रैली को 'अवैध' करार देते हुए पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा कि आयोजकों ने इसके लिये मंजूरी नहीं ली है।*

#### सांसद बेनर्जी की बेटी को दी दुष्कर्म की धमकी

*पश्चिम बंगाल बाल अधिकार आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी की बेटी को दुष्कर्म की मिली धमकी पर संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा कि रैली में शामिल एक व्यक्ति को बनर्जी की नाबालिग बेटी को दुष्कर्म की धमकी देते और ऐसा करने वाले को 10 करोड़ रुपए का इनाम देने की सार्वजनिक घोषणा करते हुए सुना गया।*

### आज 6 राज्यों में तूफान के साथ भारी बारिश की संभावना

# गुजरात में ट्रैक्टर-ट्रॉली बही, 10 को बचाया, 7 की तलाश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक आज गुजरात के कुछ स्थानों पर बेहद भारी बारिश (20 सेमी से ज्यादा) की संभावना है। केरल, तेलंगाना में बिजली गिरने के साथ तूफान आने की संभावना है। राजस्थान, गोवा, मध्य महाराष्ट्र के कुछ स्थानों पर भारी बारिश (12 सेमी) की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, बिहार, झारखंड, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, केरल, तटीय कर्नाटक के कुछ स्थानों पर 7 सेमी तक बारिश होने की संभावना है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय के कुछ हिस्सों में बिजली गिरने की संभावना है।

#### देश के कई भागों में बिजली गिरने की संभावना



गुजरात के राजकोट शहर में जलमग्न कारें

#### बचाव कार्य जारी, कुल 17 लोग थे

**मोरबी।** गुजरात के मोरबी जिले में भारी बारिश के बीच पानी में डूबे पुल को पार करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली समेत बह गए सात लोगों की तलाश में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) का अभियान जारी है। मोरबी के दमकल अधिकारी देवेंद्रसिंह जडेजा ने बताया कि धावना गांव के पास घटी इस घटना में ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार 17 लोगों में से 10 को देर रात में चलाए गए अभियान में बचा लिया गया और बाकी सात की तलाश जारी है।

#### राजस्थान में कई जगह बहुत भारी बारिश की चेतावनी

*जयपुर। राजस्थान में प्रतापगढ़ जिले में भारी से अति भारी श्रेणी की बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र के अनुसार इस दौरान सबसे अधिक बारिश पीपलखूंट (प्रतापगढ़) में 260 मिलीमीटर दर्ज की गई। बांसवाड़ा में 195 मिमी, डूंगरगढ़ के चिकाली में 132 मिलीमीटर बारिश हुई। चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, पाली, प्रतापगढ़ व राजसमंद जिले में कई जगह भारी बारिश हुई। केंद्र के अनुसार राज्य के दक्षिणी व पूर्वी भागों में आगामी एक-दो दिन भारी से अधिक भारी बारिश होने व कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश की प्रबल संभावना है। 26-27 अगस्त को दक्षिणी राजस्थान के कुछ भागों में रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।*

### दर्शन के मामले में सरकार सख्त

## सात जेल अधिकारी निलंबित अधीक्षक का किया तबादला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



रेणुकास्वामी हत्याकांड मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा की परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल के अंदर सिगरेट पीते फोटो वायरल हो रही है। कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा की जेल में सिगरेट पीते तस्वीर वायरल होने के बाद कर्नाटक सरकार ने कार्रवाई की है।

गृहमंत्री जी परमेश्वर ने मामले में सात जेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही केंद्रीय जेल के अधीक्षक का तबादला किया गया है। इस वायरल तस्वीर को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। परमेश्वर ने बताया कि मामले में सात जेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इसमें जेलर शरण बसप्पा अमिंगद, प्रभु एस खंडेलवाल, सहायक जेलर एलएस कुप्पेस्वामी, श्रीकांत तलवार, हेड वार्डर वेंकप्पा, संपत कुमार, वार्डर के बासप्पा शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)